• जयपुर, गुरुवार 19 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 170 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बजट 2026 मे बीडपाडा से चौकीरूण्डा डामरीकरण सड़क ...

पेज @4 मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण पर पुराने फ़ैसलों को रद्द करने का...

पेज @8 चांद नजर आया: शुरू हुआ बरकतों और इबादतों का पवित्र महीना रमजान...



### नासा वैज्ञानिक ने दी चेतावनी

# आएगा भूचाल और तबाह हो जाएंगे दुनिया के कई शहर

## 15,000 'शहर-नाशक' एस्टेरॉयड्स का खतरा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पृथ्वी की सुरक्षा को लेकर नासा के एक वैज्ञानिक ने गंभीर चेतावनी जारी की है। नासा की ग्रह रक्षा विशेषज्ञ के अनुसार, पृथ्वी के आसपास करीब 15,000 ऐसे अनदेखे एस्टेरॉयड्स मौजूद हैं, जिनसे निपटने का फिलहाल कोई ठोस उपाय नहीं है। इनमें से प्रत्येक एस्टेरॉयड एक पूरे शहर को तबाह करने की क्षमता रखता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केली फास्ट ने कहा कि इन एस्टेरॉयड्स की जानकारी उन्हें रात को सोने नहीं देती। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी चिंता उन मध्यम आकार के एस्टेरॉयड्स को लेकर है, जो आकार में लगभग 500 फीट के होते हैं। ये इतने छोटे हैं कि इन्हें ढूंढ पाना मुश्किल है, लेकिन इतने बड़े भी हैं कि किसी क्षेत्र में भारी तबाही मचा सकते हैं। हालांकि, फास्ट ने स्पष्ट किया कि बहुत बड़े एस्टेरॉयड्स को लेकर वैज्ञानिक अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं क्योंकि उनकी स्थिति का पता है। वहीं, छोटे पिंड अक्सर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते रहते हैं और आमतौर पर गंभीर खतरा नहीं बनते।

रिपोर्ट के अनुसार, इन मध्यम आकार के एस्टेरॉयड्स को 'शहर-नाशक' कहा जा रहा है, क्योंकि इनके टकराने से क्षेत्रीय स्तर पर भारी विनाश हो सकता है। केली फास्ट के मुताबिक, पृथ्वी के निकट से गुजरने वाले ऐसे लगभग 25,000 एस्टेरॉयड्स हैं, लेकिन वैज्ञानिकों को इनमें से केवल 40प्रतिशत की ही सटीक जानकारी है। समस्या यह है कि ये पिंड पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं और पर्याप्त प्रकाश परावर्तित नहीं करते, जिससे शक्तिशाली दूरबीनों से भी इनका पता लगाना कठिन हो जाता है।

इस चुनौती से निपटने के लिए [illegible] अगले वर्ष 'नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट सर्वेयर' अंतरिक्ष दूरबीन लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह विशेष दूरबीन थर्मल सिग्नेचर के आधार पर अंधेरे एस्टेरॉयड्स और धूमकेतुओं का पता लगाने में सक्षम होगी, जो अब तक वैज्ञानिकों की नजर से छिपे रहे हैं। फास्ट ने जोर देकर कहा कि सबसे जरूरी है– एस्टेरॉयड्स के पृथ्वी तक पहुंचने से पहले उन्हें खोज निकालना और भविष्य में उन्हें मोडने या नष्ट करने की तकनीक विकसित करना। फिलहाल, 'शहर-नाशक' एस्टेरॉयड्स से बचाव के लिए मानवता के पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय उपलब्ध नहीं हैं।

# बिहार, हरियाणा-बंगाल समेत 10 राज्यों में राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव का एलान

### चुनाव आयोग ने बताई तारीख

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

चुनाव आयोग ने 10 राज्यों में खाली हो रही 37 राज्यसभा सीटों के चुनाव की घोषणा कर दी है। आयोग ने बताया है कि चुनाव 16 मार्च को होंगे। आयोग ने बताया है कि महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और बिहार की सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे। ये सीटें अप्रैल महीने में अलग-अलग तारीखों को खत्म हो रही है। गौरतलब है कि राज्यसभा का कार्यकाल 6 साल का होता है। लेकिन हर एक तिहाई सीटों के लिए हर दो साल पर चुनाव कराए जाते हैं। इस वजह से ही राज्यसभा को स्थाई सदन कहा जाता है। ऐसा इसलिए कहा जाता है कि क्योंकि लोकसभा की तरह राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है।





### मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण योजनाओं का प्रमुख अंग बना

# नेक्स्ट जनरेशन सिटीजन सर्विस रिफॉर्म्स लागू होंगे

**राज्य** सरकार अंत्योदय की मूल भावना के अनुरूप नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को अपनी नीतियों एवं योजनाओं का प्रमुख अंग बना रही है।

- सरकार का उद्देश्य नागरिकों के परिवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुगम एवं सुलभ सेवाएं प्रदान करना है।
- इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट में डिजिटल शासन और पारदर्शी प्रशासन के महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जो जनसेवा के उच्चतम मापदंड स्थापित करने में कारगर होंगे।
- बजट 2026-27 में प्रदेशवाासियों को त्वरित एवं प्रभावी सुविधाएं सुनिश्चित करने के क्रम में नेक्स्ट जनरेशन सिटीजन सर्विस रिफॉर्म्स की घोषणा की गई है।
- इसके तहत वन्स ओनली प्रिंसिपल को लागू किया जा रहा है।
- इसमें नागरिकों एवं उद्यमियों से सिर्फ एक बार ही दस्तावेज लिया जाएगा, जिसे विभाग आपस में साझा करेंगे।
- इसी प्रकार, लोक कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता निर्धारण को बेहतर बनाने के लिए जनाधार डेटाबेस को विभिन्न विभागों के मापदंडों और पोर्टल्स से जोड़ने का प्रावधान भी किया गया है।
- इससे पात्र नागरिकों को सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकेगी।



**राज्य बजट 2026-27 में डिजिटल शासन-पारदर्शी प्रशासन के महत्वपूर्ण प्रावधान** | **आर्थिक समीक्षा 2025-26 में प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी को रेखांकित किया** | **राजस्थान सम्पर्क से 98% से अधिक परिवाद निस्तारित हुए**

**वाट्सएप के जरिए 100 सेवाएं मिलेगी**

**राज्य** सरकार ने बजट में प्रमुख सेवाओं को वाट्सएप प्लेटफॉर्म के माध्यम से शुरू करने की बड़ी घोषणा भी की है।

- इसमें आमजन को 100 प्रमुख सेवाएं मिल सकेगी।
- इसी प्रकार, 25 हजार युवाओं एवं महिलाओं को मिनी ई-मित्र के रूप में अधिकृत किया जाएगा, जो मोबाइल आधारित सेवाएं प्रदान करेंगे।
- समस्त नगरीय निकायों में चरणबद्ध रूप से स्मार्ट सेवा केंद्र स्थापित कर आमजन को जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, फायर एनओसी एवं अन्य अनुज्ञा पत्र संबंधी सेवाएं ऑनलाइन करने का प्रावधान भी किया गया है।

### सीएम-प्रमाण से प्रभावी नीतियों का निर्माण होगा

**राज्य** सरकार ने डिजिटल राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवीन आईटी पॉलिसी की महत्वपूर्ण घोषणा की है।

- स्टेट डेटा सेंटर की विभिन्न सेवाएं स्टार्टअप्स, एमएसएमई और नागरिकों को किफायती दर पर उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटेशन पॉलिसी और आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन, कृषि एवं पर्यावरण निगरानी में निर्णय क्षमता संवर्धन के लिए जिओ स्पेसियल पॉलिसी की घोषणा भी की गई है।
- परिणामोन्मुखी जनकल्याणकारी योजनाओं और साक्ष्य आधारित नीति निर्माण के लिए सीएम-प्रमाण (पॉलिसी, रिसर्च एंड एनालिटिक्स फोर मेजरेबल एक्शन एण्ड नेक्सस) यूनिट स्थापित की जाएगी।
- नीति आयोग की तर्ज पर गठित राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉरमेशन एण्ड इनोवेशन (रीती) के 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### राजकीय कार्यालयों में विकास कार्यों के लिए 3 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान

**नागरिकों** के लिए सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार करने के लिए में राजकीय कार्यालयों का निरंतर निर्माण और उन्नयन हो रहा है।

- इसी क्रम में राज्य सरकार ने नवगठित 8 जिलों में मिनी सचिवालय और अन्य प्रमुख कार्यालयों से संबंधित भवन निर्माण, 94 नवीन पंचायत समितियों तथा 3 हजार 467 ग्राम पंचायतों में आधारभूत संरचना सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए 3 हजार करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान भी किया है।
- सुशासन और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने के क्रम में राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 की बजट में घोषणा की गई है।

### राजकिसान साथी पोर्टल के जरिए किसानों को 3 हजार 566 करोड़ रुपये की डीबीटी

**राज्य** की आर्थिक समीक्षा वर्ष 2025-26 में नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी को रेखांकित किया गया है।

- इसके अनुसार राजस्थान सम्पर्क 181 के माध्यम से वर्ष 2025 में कुल 34.43 लाख पंजीकृत परिवादों में से 33.88 लाख परिवादों (98% से अधिक) का निस्तारण हुआ है।
- इसी कड़ी में राज्य सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस फ्रेमवर्क को उन्नत करते हुए राजस्थान सम्पर्क 2.0 भी शुरू किया है।
- डिजिटल सेवाओं के माध्यम से किसानों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है।
- राजकिसान साथी पोर्टल के जरिए दिसम्बर, 2025 तक किसानों को कुल 3 हजार 566 करोड़ रुपये की डीबीटी का हस्तांतरण किया जा चुका है।
- 1.53 करोड़ से अधिक सीड मिनीकिट्स एवं 1.35 लाख से अधिक बीजों, उर्वरकों एवं कीटनाशकों के गुणवत्ता नियंत्रण नमूने की सुविधा भी मिल चुकी है।

# रोबोट डॉग विवाद पर राहुल गांधी ने कहा- एआई समिट एक अव्यवस्थित तमाशा

**नई दिल्ली/एजेंसी**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में एक यूनिवर्सिटी की तरफ से चीनी रोबोट डॉग प्रदर्शित किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे एआई समिट एक अव्यवस्थित पीआर तमाशा बताया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत की प्रतिभा और डेटा का लाभ उठाने के बजाय एआई शिखर सम्मेलन एक अव्यवस्थित पीआर तमाशा है। भारतीय डेटा बेचा जा रहा है और चीनी उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इससे पहले, कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एआई को लेकर सरकार ने देश की छवि को पूरी दुनिया में हास्यास्पद बना दिया है। अभी चल रहे एआई समिट में चीनी रोबोट को हमारे अपने रोबोट के तौर पर दिखाया जा रहा है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह सच में भारत के लिए शर्मनाक है।

पार्टी ने आगे लिखा, इससे भी ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसी झूठ में शामिल हैं, भारतीय समिट में चीन के रोबोट को प्रमोट कर रहे हैं। सरकार ने देश की छवि को ऐसा नुकसान पहुंचाया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने एआई, एक ऐसा फील्ड, जिसमें हम अपनी डेटा पावर के दम पर दुनिया के लीडर बन सकते थे, को एक मजाक बना दिया है।

# गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने एम्स के साथ की बड़ी साझेदारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में हिस्सा लेने भारत पहुंचे हैं। इस खास दौरे पर उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और तकनीकी क्षेत्र के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही, पिचाई ने भारत के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी का भी ऐलान किया है, जो देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने से पहले सुंदर पिचाई ने जानकारी दी कि गूगल और एम्स एक साथ मिलकर काम करने जा रहे हैं। इस बड़े करार का सीधा फायदा एम्स में इलाज कराने वाले लाखों मरीजों और उनका उपचार करने वाले डॉक्टरों दोनों को मिलेगा।

**न्यूज़ अपडेट**

### 10 मिनट लेट होने पर नहीं मिली एग्जाम में एंट्री, पटना में मैट्रिक की छात्रा ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग

**पटना/एजेंसी।** बिहार के पटना से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां 10 वीं की परीक्षा नहीं दे पाने के चलते एक छात्रा ने आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। मामला जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरजमा गांव का बताया जा रहा है। मृतक छात्रा की पहचान कोमल कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस निर्धारित समय से सिर्फ 10 मिनट लेट एग्जाम सेंटर पहुंची थी लेकिन उसे एंट्री नहीं मिली जिसके बाद उसने चलती ट्रेन से कूदकर अपनी जान दे दी।

### ओवरटेक की जल्दबाजी ने छीनी तीन जिंदगी, ऑटो से टकराकर तीन युवकों की मौत

**उदयपुर/एजेंसी।** जिले के कोटड़ा ब्लॉक स्थित मांडवा थाना क्षेत्र में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। कोदरमाल गाँव के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक बेकाबू होकर ऑटो से जा टकराई। इस भीषण भिड़ंत में तीन युवकों की जान चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। हादसे का मंजर : दो की मौके पर मौत, एक ने अस्पताल में तोड़ा दम पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। राहगीरों और पुलिस की मदद से तीसरे गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत कोटड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गईं।

### राजस्थान में बारिश, घने बादलों ने आसमान को घेरा, बूंदाबांदी से हुई एनसीआर के सुबह की शुरुआत

**जयपुर/नोएडा/एजेंसी।** जयपुर समेत राजस्थान में कई जगह बुधवार सुबह हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। बारिश व बूंदाबांदी का दौर रात से ही शुरू हो गया था। उधर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार सुबह मौसम ने करवट ली और घने बादलों ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के साथ बारिश की फुहारें देखने को मिलीं। बदलते मौसम और तेज हवा के कारण वायु गुणवत्ता में भी आंशिक सुधार दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 18 फरवरी को दिनभर सामान्यतः बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। आज का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सात दिनों के पूर्वानुमान के अनुसार, 19 फरवरी को न्यूनतम तापमान 12 और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा तथा मौसम मुख्यतः साफ रहने की संभावना है। 20 फरवरी को भी पारा 12 से 28 डिग्री के बीच रहेगा। 21 फरवरी को न्यूनतम 13 और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। 22 और 23 फरवरी को तापमान में हल्की बढ़ोतरी के साथ अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।

संपादकीय

# मोदी सरकार विफल

ट्रंप अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी साझा बयान इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉनल्ड ट्रंप की पूर्व घोषणा के अनुरूप है। इसमें शामिल शर्तों के मद्देजनर यह भी कहा जा सकता है कि पूरा समझौता ट्रंप की शर्तों पर है। ''इट हाउस से जारी साझा बयान के जब पहले ही पैराग्राफ में कहा गया है कि अमेरिका के सभी औद्योगिक उत्पादों और बड़े पैमाने पर खाद्य एवं कृषि पैदावार पर से भारत टैरिफ घटाएगा, तो फिर केंद्र के इस दावे में ज्यादा दम नहीं बचता कि उसने कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी रक्षा की है।

अमेरिकी बयान में सूखा आसवक चोकर, चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स (बादाम, काजू, अखरोट, पिस्ता आदि), ताजा और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पीरिट आदि का नाम लेकर जिक्र है, जिन पर टैरिफ खत्म किए जाएंगे। उधर पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी सामग्रियों की खरीदारी की बात भी डील का हिस्सा है। फिलहाल, भारत 85 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45 डॉलर का आयात करता है। इस तरह उसे अमेरिका से तकरीबन 40 बिलियन डॉलर का व्यापार लाभ है। अब भारत ने औसतन प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे में जाने का करार किया है। उसका दबाव पहले से ही डगमगाए रुपये के भाव पर पड़ेगा।

उधर भारत में टैरिफ हटने का भारत के राजकोष पर दबाव महसूस किया जाएगा। ऊपर से ''इट हाउस ने एक अलग विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का वादा अमेरिका से किया है। बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगे 50 प्रतिशत को घटा कर 18 फीसदी पर लाएगा। लेकिन यह साफ है कि समझौता दोनों तरफ लगने वाले टैरिफ तक सीमित नहीं है। बल्कि अपने परिचित अंदाज के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इसके जरिए भारत से अधिकतम वसूली करने और भारत की भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

## धान-परती भूमि में सरसों की खेती से किसानों की अच्छी आय संभव

● **डॉ. पी.के. राय**

छत्तीसगढ़ की परती भूमि अब सोना उगलने लगी है। धान का कटोरा कहे जाने वाले इस राज्य में किसानों का रुझान राई-सरसों की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी मिलना शुरू हुई है, बल्कि देश को खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनाने की राह भी आसान होती नजर आ रही है। बता दें कि यहां के किसान धान कटाई के बाद खेतों को खाली छोड़ देते हैं, यानी रबी फसल की बुवाई नहीं करते हैं।

इस कारण उनकी आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। किसानों के इन हालातों को देखते हुए आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर ने ठोस रोडमैप के साथ प्रयास शुरू किए। परिणामस्वरूप परती भूमि पर अब सरसों की फसल लहलहाने लगी है। संस्थान के वैज्ञानिकों का कहना है कि राज्य की भूमि में खजाना छिपा हुआ है। यदि किसान धान कटाई के बाद देर से पकने वाली राई-सरसों किस्मों की बुवाई करें तो उनकी आर्थिक स्थिति में असम के किसानों के समान बदलाव देखने को मिल सकता है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कुल कृषि क्षेत्र 4.78 मिलियन हेक्टेयर है। इसमें केवल 23 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित है। वार्षिक वर्षा लगभग 1190 मिमी है, जिसमें लगभग 88 प्रतिशत वर्षा मानसून (मध्य जून से सितंबर) के दौरान होती है। इस दौरान किसान धान का बड़े पैमाने पर उत्पादन लेते हैं। वहीं रबी में गेहूं और थोड़े क्षेत्रफल में दलहनों की बुवाई करते हैं, लेकिन राई-सरसों का उत्पादन हाशिए पर है। वैज्ञानिकों का कहना है कि परती भूमि, बस्तर के पठारी और उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में राई-सरसों की खेती की अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का यह शुरुआती प्रयास है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

उन्होंने बताया कि धान कटाई के बाद कृषि भूमि परती रह जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता और किसानों की आय बढ़ाने के अवसर सीमित हो जाते हैं। राई-सरसों की फसल परती भूमि को उत्पादक बनाने में मददगार बन सकती है।

### ● परती भूमि की चुनौती

छत्तीसगढ़ में लगभग 3.9 मिलियन हेक्टेयर में धान की खेती होती है, जबकि धान उत्पादन लगभग 9.8 मिलियन टन है। खरीफ में अधिक वर्षा और चिकनी मिट्टी के कारण धान का उत्पादन भरपूर होता है, लेकिन रबी में यही खेती सीमित रह जाती है। धान के कुल क्षेत्र का लगभग 32 प्रतिशत भाग ही सिंचित है।

# श्रम संहिताएं: एक नई दृष्टि



**डॉ शैलजा त्रिपाठी**

चार श्रम संहिताओं की 21 नवंबर, 2025 को आधिकारिक घोषणा के साथ ही एक नए युग की शुरुआत हो गई है। यह घोषणा भारत की श्रम कानून व्यवस्था में एक बड़े ढांचागत सुधार का संकेत है। अनुमानों के अनुरूप ही इसकी सराहना और आलोचना, दोनों ही की गई है। बहुप्रतीक्षित श्रम कानून सुधारों ने कामगारों से संबंधित 29 से ज्यादा कानूनों को चार व्यापक संहिताओं में समेट दिया है।

भारतीय श्रम कानूनों में सुधारों की मांग लंबे अरसे से चली आ रही थी। इस संबंध में समय-समय पर सीमित घोषणाएं की गईं और उन्हें टुकड़ों में लागू किया गया। सभी हितधारक इस बात पर सहमत थे कि देश को आगे ले जाने के लिए एक उत्पादक, समावेशी और सशक्त कार्यबल तथा कामकाज का उपयुक्त परिवेश जरूरी है। बदलाव की इच्छा सब में होने के बावजूद हर हितधारक की अपनी अलग-अलग उम्मीदें और चिंताएँ थीं।

इन सुधारों का उद्देश्य श्रमिक कल्याण को मजबूती देना और अनुपालन को सरल बनाना है। श्रम नियमन के ढांचे को वर्तमान आर्थिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना तथा व्यवसाय सुगमता में वृद्धि के उपायों को मजबूत करना भी इनका उद्देश्य रहा है। इन सुधारों के तहत 29 महत्वपूर्ण कानूनों को वेतन, सामाजिक संरक्षा, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा औद्योगिक संबंध से जुड़ी चार संहिताओं में समेट दिया गया है। नई व्यवस्था का उद्देश्य श्रमिकों के कामकाज को औपचारिक रूप देना, कानून के दायरे से अब तक बाहर रहे अनौपचारिक, अस्थाई और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए काम करने वाले कामगारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, महिला अधिकारों का संवर्द्धन तथा सभी क्षेत्रों में नियोक्ता-श्रमिक संबंधों को आधुनिक बनाना है।

नई श्रम संहिताओं की नीचे वर्णित कुछ विशिष्टताएं उन्हें देश की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाती हैं-

सुदृढ़ीकरण और सामंजस्य: भारत के श्रम कानून ऐतिहासिक तौर पर विभाजित तथा परिभाषाओं की बहुलता और सख्त अनुपालन व्यवस्थाओं से ग्रसित थे। नियोक्ताओं को एकदूसरे से मिलती-जुलती अनेक नियामक जरूरतों का सामना करना पड़ता था। श्रमिक और खास तौर से असंगठित कामगार आम तौर पर वैधानिक संरक्षण के दायरे से बाहर थे। श्रम संहिताओं ने अनुपालन की पिछली जटिल प्रणाली को समरूप परिभाषाओं, डिजिटल प्रक्रियाओं और विस्तारित दायरे से सरल बनाया है।

सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों का अनुपालन: सुधारों में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मानजनक कार्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है। इन कार्य सिद्धांतों में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन, श्रमिक अधिकारों और समानता का संरक्षण तथा सामाजिक सुरक्षा और संवाद शामिल है।

अनुपालन का सरलीकरण: पुरानी प्रणाली में अत्यधिक कागजी कार्रवाई, निरीक्षणों पर अतिनिर्भरता और कमजोर अनुपालन जैसी खामियां थीं। नई संहिताओं में अनुपालन प्रणालियों को सुचारू बनाने के साथ ही उल्लंघनों को रोकने के लिए कठोर दंड की व्यवस्था की गई है।

संवहनीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल: ये संहिताएं श्रमिक अधिकारों को मजबूत कर, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करते हुए तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देकर संवहनीय विकास लक्ष्य (एसडीजी) 8 को आगे बढ़ाती हैं। इसके अलावा ये एसडीजी 1,3,5 और 10 को हासिल करने में भी सहायक हैं।

कार्य संबंधी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप: इन संहिताओं में तेज आर्थिक और प्रौद्योगिकीय बदलावों को ध्यान में रखा गया है। इनमें विस्तारित परिभाषाओं, पुनर्प्रशिक्षण के प्रावधानों, व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज और वैकल्पिक कार्य व्यवस्थाओं के औपचारीकरण के जरिए भविष्य की कार्य संबंधी चिंताओं का निराकरण किया गया है।

### ● संहिताओं की मुख्य विशेषताएं और उनका प्रभाव:

वेतन संहिता, 2019: यह संहिता पिछले चार कानूनों को एकीकृत करती है और मजदूरी की एक समान परिभाषा तथा राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की अवधारणा पेश करती है। यह व्यापक और अधिक सुसंगत वेतन सुरक्षा सुनिश्चित करती है, समय पर भुगतान को अनिवार्य बनाती है, और समान पारिश्रमिक के नियम को सुदृढ़ करती है, जिससे आय सुरक्षा मजबूत होती है और विवादों में कमी आती है।

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020: यह संहिता मजदूर संगठनों, औद्योगिक विवादों और स्थायी आदेशों को नियंत्रित करने वाले कानूनों को एक साथ लाती है। यह विवाद समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, निश्चित समय-सीमा निर्धारित करती है और हड़ताल, कामबंदी तथा छंटनी से जुड़े नियमों को तर्कसंगत बनाती है। जहाँ यह नियोक्ताओं को परिचालन के लिए लचीलापन प्रदान करती है, वहीं सामूहिक सौदेबाजी और कानूनी समाधान के लिए सुरक्षा उपायों को भी बरकरार रखती है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020: यह संहिता संगठित क्षेत्र से आगे जाकर सुरक्षा के दायरे का विस्तार करके एक बड़े बदलाव का संकेत देती है। इसके अंतर्गत गिग कामगारों, प्लेटफॉर्म के जरिये काम करने वाले श्रमिकों को भविष्य निधि, बीमा, मातृत्व लाभ और वृद्धावस्था सुरक्षा से संबंधित वैधानिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का प्रावधान किया गया है।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति (ओएसएच) संहिता, 2020: यह ओएसएच संहिता सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों को एक एकीकृत ढांचे में समाहित करती है। यह कार्यस्थल सुरक्षा मानदंडों का मानकीकरण करती है, नियामक निरीक्षण को मजबूत करती है और सभी क्षेत्रों में इसे लागू करने में सुधार करती है।

आगे की राह क्या है?

वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान द्वारा नए श्रम कानूनों के बारे में नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि इन संहिताओं ने बेहतर भविष्य के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगाई है। जहाँ 64 प्रतिशत श्रमिकों का मानना है कि संहिताओं के लागू होने से आय सुरक्षा बढ़ेगी, वहीं नियोक्ताओं ने भी निश्चित अवधि के रोजगार अनुबंधों (64 प्रतिशत) और कार्यस्थल सुरक्षा (73 प्रतिशत) को लेकर इसी तरह के भाव व्यक्त किए हैं। दोनों ही हितधारक इन संहिताओं को एक ऐसे साधन के रूप में देखते हैं जो दोनों पक्षों के अनुभवों को बेहतर बनाएगा।

चारों श्रम संहिताएं भारत के श्रम शासन में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक हैं। पुराने पड़ चुके कानूनों को एकीकरण, सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार और नियोक्ताओं के लचीलेपन तथा श्रमिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाकर, इन सुधारों का उद्देश्य एक अधिक कुशल, समावेशी और विकासोन्मुखी श्रम बाजार बनाना है। चूंकि ये संहिताएं कार्यान्वयन के शुरुआती चरण में हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी हितधारक इन्हें खुले मन से अपनाएं और विफलता से सीखकर तेजी से सुधार करने वाला दृष्टिकोण रखें। इनकी अंतिम सफलता इनके प्रभावी कार्यान्वयन, हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और संवैधानिक मूल्यों तथा अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों की तरह निरंतर अमल में लाने पर निर्भर करेगी।

**(लेखक, प्रो. बीजू वर्के आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर और डॉ शैलजा त्रिपाठी वेजइंडिकेटर हैं)**

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

आज आपको लोगों का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। शाम को मेहमानों के आने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है, जिससे आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी।
शुभ रंग - पीच, शुभ अंक - 4

### वृष राशि:

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपके लिए काफ़ी लाभदायक रहेगी। आपकी खुशियों में इजाफा होगा। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलने की संभावना है, जिसे पूरा करने पर फायदा होगा। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा, ग्राफिक डिजाईन कोर्स सीखने का मौका मिलेगा।
शुभ रंग - महरून, शुभ अंक - 8

### मिथुन राशि

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। विपरीत परिस्थितियों में सूझ-बूझ से काम लेंगे तो, आज किसी समस्या का समाधान अवश्य मिलेगा।
शुभ रंग - गोल्डन, शुभ अंक - 8

### कर्क राशि:

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। आज छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।
शुभ रंग - सिल्वर, शुभ अंक - 7

### सिंह राशि:

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखने से उनकी काम करने की क्षमता बेहतर होगी, आज आपका काम समय से पहले पूरा हो सकता है। महिलाएं अपने बिजनेस में ज्यादा एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ होगा।
शुभ रंग - सफेद, शुभ अंक - 2

### कन्या राशि:

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे। आज शाम माता जी से आप भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। आज आपके मन में तरह-तरह की बाते चलेंगी।
शुभ रंग - नीला, शुभ अंक - 5

### तुला राशि:

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आप दूसरों पर अपना प्रभाव बनाने में सफल होंगे, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, नहीं तो आस-पास के लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज रुके हुए कार्यों की शुरुआत होगी। आपके विचारों को सम्मान मिलेगा।
शुभ रंग - पर्पल, शुभ अंक - 2

### वृश्चिक राशि:

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आने वाले दिनों में आपकी मदद करेगा। आज किसी भी बात पर अपनी प्रतिक्रिया जल्दी न दें, पहले स्थितियों को समझें फिर अपनी राय सोच समझ कर दें इससे लोगों के बीच आपकी अहमियत बढ़ जाएगी।
शुभ रंग - काला, शुभ अंक - 9

### धनु राशि:

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। फिलहाल हर एक बात पर ध्यान देकर स्थिति को सुधारने कोशिश करें। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्य क्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जीवनसाथी आज आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे।
शुभ रंग - पीच, शुभ अंक - 3

### मकर राशि:

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। नये व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में आप सोच सकते हैं, एक्सपर्ट से राय लेना न भूलें। पारिवारिक रिश्तों के बीच आप सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। छात्रों की मेहनत आज रंग लायेगी, करियर में बड़ी सफलता मिलने के योग बने हुए है।
शुभ रंग - पीला, शुभ अंक - 4

### कुम्भ राशि:

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन दूर होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुडने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप अपने एक्सपीरियंस का इस्तेमाल करते हुए आगे बढने की कोशिश करेंगे आपको जल्द ही सफलता मिलेंगी। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी।
शुभ रंग - ओरेंज, शुभ अंक - 8

### मीन राशि:

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आज व्यापार के मामलों में आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। नए लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके कामकाज की तारीफ होगी। लवमेट आज डिनर पर जायेंगे, रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है
शुभ रंग - वायलेट, शुभ अंक - 7

## शब्द सामर्थ्य -319

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू- दोकू क्र. 319

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## संक्षिप्त समाचार

### लखीसराय रेलवे स्टेशन के पास हुई साफ सफाई



**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** लखीसराय को स्वच्छ रखने के उदेश्य से लखीसराय नगर परिषद के कर्मी द्वारा आज साफ सफाई किया गया ताकि स्टेशन परिसर साफ सुथरा और गंध मुक्त रहे। मैट्रिक परीक्षा एवं स्टेशन होने के कारण यहाँ अक्सर जाम रहता है इसीलिए नगर परिषद के कर्मी गाड़ी लेकर सबेरे 8 बजे से ही साफ सफाई में जुट गए प्रदूषित पानी की निकासी कर सड़क के दोनों ओर बलिंचिंग पाउडर का भी छिड़काव किया गया वहा मौजूद दर्शकों ने भी कहा कि इसी तरह सप्ताह में एक बार सफाई होना जरुरी है।

### राजकीय आयुर्वेद औषधालय पर एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** धनेरिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), राजकीय आयुर्वेद औषधालय पर आयुष्मान आदर्श ग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को आयुष्मान आदर्श ग्राम के 18 सूचकांकों के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वास्थ्य जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति अपनाने, स्वस्थ जीवनशैली, तथा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप, एनीमिया सहित अन्य सामान्य रोगों से संबंधित मरीजों की जांच एवं परामर्श किया गया। शिविर में कुल 81 लाभार्थियों को जांच एवं उपचार परामर्श का लाभ दिया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नेहा चौधरी, आयुर्वेद कम्पाउंडर राजेन्द्र कुमार एवं परिचारक राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रशासक पुखराज सिंह राजपुरोहित, सुखाराम घोड़ा, नारायण खारा, अभिषेक वैष्णव, मुकेश राव, मेदर राव, काना जी हांगर, दिव्यांश वैष्णव सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राजपत्रित अधिकारियों के मध्य (डबल्स) बैडमिंटन प्रतियोगिता में कमिश्नर व डीआईजी सहारनपुर की जोड़ी रही प्रथम



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** पुलिस लाईन्स, सहारनपुर स्थित नवनिर्मित इन्डोर बैडमिंटन हॉल में जनपद सहारनपुर के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के मध्य (डबल्स) बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों के मध्य खेल भावना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा आपसी समन्वय को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई तथा खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। मण्डलायुक्त, सहारनपुर रुपेश कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह की टीम विजेता रही।वहीं सहायक कमिश्नर जीएसटी राकेश एवं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी राजीव की टीम उपविजेता रही।

### सहारनपुरः 20 और 21 फरवरी को 'परिवहन मेला' एकमुश्त कर प्रणाली की मिलेगी जानकारी

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के 'परिवहन विजन-2030' के अंतर्गत वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए परिवहन विभाग द्वारा आगामी 20 और 21 फरवरी, 2026 को संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय (RTO), सहारनपुर में दो दिवसीय 'परिवहन मेला' का आयोजन किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य हाल ही में लागू की गई 'एकमुश्त कर' (One Time Tax) व्यवस्था के बारे में वाहन स्वामियों को जागरूक करना है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मोटर यान कराधान अधिनियम में संशोधन कर व्यावसायिक वाहनों के लिए बार-बार टैक्स जमा करने की जटिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। अब वाहन पोर्टल पर यह नई तकनीकी व्यवस्था लाइव हो चुकी है। मेले की मुख्य विशेषताएँ, समाधान टैक्स गणना, समायोजन और भुगतान की विधि को लेकर वाहन स्वामियों की शंकाओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। पंजीयनः गैर-परिवहन (निजी) वाहनों को व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पात्र वाहनः दोपहिया (भाड़े पर संचालित), तिपहिया मोटर कैब, मैक्सी कैब, निर्माण उपकरण वाहन, 7500 किग्रा तक के माल वाहन और राज्य परिवहन की बसें इस योजना के दायरे में आएंगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन ने बताया कि इस मेले में विभाग के पर्याप्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे, ताकि ट्रांसपोर्टेरों और वाहन स्वामियों को कर प्रशासन के सरलीकरण का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित वाहन स्वामियों से इस जनहितकारी योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

---

विधायक ग्रेवाल के प्रयासो से मोहनखेडा जैन तीर्थ बायपास की भी मिली सौगात

# बजट 2026 मे बीडपाडा से चौकीरूण्डा डामरीकरण सड़क की मिली स्वीकृती

चमकता राजस्थान

**राजेश यादव।** सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल के निरंतर प्रयासो से मध्यप्रदेश के वर्ष 2026-27 के बजट मे ग्राम बीडपाडा से चौकीरूण्डा एवं मोहनखेडा जैन तीर्थ बायपास डामरीकरण सडक की स्वीकृती मिली है। मोहनखेडा जैन तीर्थ पर गुरू सप्तमी एवं वर्षभर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित अन्य राज्यो से आने वाले श्रृध्दालुओ के आवागमन के लिए एकमात्र रोड होने से बायपास मार्ग की स्वीकृती के लिए ट्रस्ट मंडल एवं श्रृध्दालुओ द्वारा विधायक



प्रताप ग्रेवाल से मांग की जा रही थी जिसकी बजट मे 2.20 किलामीटर बायपास मार्ग की 7 करोड की लागत से स्वीकृती मिली है जिससे श्रृध्दालुओ को सुविधा मिलेगी और नेशनल हाईवे से 2.20 किलोमीटर मे ही मोहनखेडा मंदिर तक श्रृध्दालु पहुच जाएंगे। वही बीडपाडा से चौकीरूण्डा कच्चा मार्ग होने से ग्रामीणो को आवागमन मे होने वाली परेशानियो को दूर करने के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा निरंतर इस मार्ग की स्वीकृती की मांग की जा रही थी जिसकी बजट मे 2 किलोमीटर मार्ग की 2.5 करोड की लागत से स्वीकृती मिली है दोनो मार्ग की स्वीकृती पर मोहनखेडा ट्रस्ट मंडल, श्रृध्दालु एवं ग्रामीणो मे हर्ष व्याप्त है। मोहनखेडा जैन तीर्थ बायपास की स्वीकृती पर मोहनखेडा ट्रस्ट मंडल एवं बीडपाडा से चौकीरूण्डा मार्ग की स्वीकृती पर ग्रामीणो ने विधायक प्रताप ग्रेवाल का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## स्मैक बेचने के मामले मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 27.77 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचने से प्राप्त 01 लाख 87 हजार रूपये जब्त

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** रतनसिंह आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर ने बताया कि आदतन अपराधियो, मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत ब्यावर क्षेत्र के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु भूपेन्द्र शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर व राजेश कसाणा आरपीएस पुलिस अधीक्षक वृत ब्यावर के निर्देशन में गजराज पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना ब्यावर सदर द्वारा जिला स्पेशल टीम के साथ कार्यवाही करते हुऐ स्मैक बेचने के मामले में अभियुक्त जवानसिंह पुत्र भवरलाल सासी उम्र 41 साल निवासी सासी मौहल्ल केकड़ी रोड भिनाय थाना भिनाय जिला अजमेर हाल निवासी लुहार कॉलोनी रामनगर मेडिया थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 27.77 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचने से प्राप्त 01 लाख 87 हजार रूपये जब्त किये गये है। अभियुक्त द्वारा स्मैक पाउडर ब्यावर शहर व आस पास के लोगों को बेचने हेतु लाना बताया है, जिसके संबंध में प्रकरण संख्या 49/2026 धारा 8/21 एन.ढी. पीएस एक्ट व 112 (2) बी एन एस दर्ज किया जाकर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

जिला स्पेशल टीम ब्यावर की सहायता से पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर द्वारा 18.फरवरी.2026 को सूचना के आधार पर लुहार कॉलोनी रामनगर मेडिया में कार्यवाही करते हुऐ अवैध स्मैक बेचने के मामले में अभियुक्त जवानसिंह पुत्र भवरलाल सांसी उम्र 41 साल निवासी सांसी मौहल्ल केकड़ी रोड़ भिनाय थाना भिनाय जिला अजमेर हाल निवासी लुहार कॉलोनी रामनगर मेड़िया थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक पाउडर (27.77 ग्राम): जब्त किया गया है। अभियुक्त द्वारा अवैध स्मैक बेचने से प्राप्त 01 लाख 87 हजार रूपये पुलिस द्वारा जब्त किये गये है।

पुलिस टीम मे गजराज पु.नि. थानाधिकारी थाना पुलिस थाना ब्यावर सदर, जिला ब्यावर। विजयसिंह उ.नि. प्रभारी जिला स्पेशल टीम ब्यावर। रागजरा राउनि गांगीलाल सुरेन्द्र स्पेशल टीम ब्यावर का (विशेष योगदान)दिनेश कुमार जिला स्पेशल टीम ब्यावर का (विशेष योगदान) सुखपाल महेन्द्र हरेन्द्र प्रदीप कुमार सुखाराम पुलिस थाना ब्यावर सदर, जिला ब्यावर का सहयोग रहा।

### जिलाधिकारी एवं एसएसपी अभिनंदन सिंह ने बोर्ड परीक्षा के तहत किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में आयोजित हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा बी0एच0एस0 इण्टर कॉलेज, कर्मचन्द चण्डी प्रसाद आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्राँग रूम की सुरक्षा तथा कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा की यथास्थिति को जाना। उन्होने सभी को निर्देश दिए कि सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से पूर्ण करें। उन्होने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे, इसका भी ध्यान रखा जाए। मनीष बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये है। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए, इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।

### जालौरवैष्णव समाज भवन में फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मंगलवार को बड़ी पोल के बाहर वैष्णव समाज भवन में फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने भगवान श्री राधे कृष्ण के गोरी गीतों का गायन कर कार्यक्रम को भक्ति में बनाया आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने आज बिरज में होली औ रसिया खेलों की खेलो घनश्याम मोह संग होली खेलो सांवरिया थारी ओलु आवे महीनो फागण रा सहित अनेक फाग गीतों का गायन किया इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर होली की अग्रिम बधाई दी आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही


### बैडमिंटन संघ ने अध्यक्ष राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद से की शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान/बूंदी।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष एन के पवन से जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने जयपुर मुख्यालय पर शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ भेंट किया और बूंदी में बैडमिंटन खेल की नियमित खिलाड़ियों के लिए किये जा रहे कार्यों से अवगत करवाया ।
संघ के मुख्य कोच मुकेश दाधीच ने बताया कि जिला बैडमिंटन संघ द्वारा करीब एक साल से बच्चों के लिए चला रखे निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर को एवं बच्चों की करवाई जा रही दौड़ स्पर्धाओ को उन्होंने सराहनीय कदम बताया ।

नागौर की पुलिस लाइन में बड़ी वारदातः

### 8 सरकारी क्वार्टरों में सेंध, लाखों की ज्वेलरी और नकदी पार



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** नागौर शहर की पुलिस लाइन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक साथ 8 सरकारी क्वार्टरों में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। अज्ञात चोर बंद पड़े क्वार्टरों के ताले तोड़कर अंदर घुसे और करीब 7 लाख रुपये की ज्वेलरी तथा लगभग 3 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए।जानकारी के अनुसार, चोरों ने पहले ऐसे क्वार्टरों की रेकी की, जिनमें ताले लगे हुए थे। इसके बाद उन्होंने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। अलमारियों और संदूकों को खंगालकर कीमती जेवरात और नकदी समेट ली।घटना का खुलासा तब हुआ जब संबंधित पुलिसकर्मी ड्यूटी से लौटे और अपने घरों के ताले टूटे हुए देख हैरान रह गए। उन्होंने तुरंत संबंधित थाने में सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
इस घटना ने पुलिस लाइन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एक साथ कई क्वार्टरों में चोरी की इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह में व्यवस्थाओं की समीक्षा, विधिक सहायता व पुनर्वास पर दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर की सचिव रेखा यादव ने बुधवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) संजीव मागो के मार्गदर्शन में किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 11 विधि से संघर्षरत बालक, 1 देखरेख एवं संरक्षण श्रेणी का बालक तथा 2 शिशु उपस्थित



मिले। सचिव रेखा यादव ने बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षा प्रबंध, चिकित्सा सुविधा, परामर्श सेवाएं, शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने विधि से संघर्षरत बच्चों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं, प्रकरणों तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने परीक्षाओं की तैयारी के बारे में बताया तथा मच्छरों की समस्या से अवगत कराया।
सचिव ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि प्रत्येक बच्चे को विधिक सहायता, समुचित परामर्श एवं प्रभावी पुनर्वास योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मच्छरों की समस्या के त्वरित समाधान, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। शिशु गृह में रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य अभिलेख, टीकाकरण स्थिति एवं पोषण आहार की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट नीतू, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मधु शर्मा, संप्रेषण गृह धौलपुर के संजय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डंडोतिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखीसराय कांग्रेस कार्यालय में संगठन सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**लखीसराय/सौरव कुमार।** आज जिला कांग्रेस चितरंजन आश्रम में संगठन सृजन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार अनीश जी ने किया
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे ''संगठन सृजन अभियान'' के अंतर्गत जिला लखीसराय में संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दी गई है। अक्छउ द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर एवं पूर्व सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती शमीना




शफीक के निर्देशानुसार अभियान के प्रथम चरण की गतिविधियाँ गंभीरता, अनुशासन एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित की जाएंगी। यह अभियान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत, सक्रिय और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा ने देशभर में प्रेम, भाईचारा, सामाजिक न्याय और संविधानिक मूल्यों के प्रति नई चेतना जगाई है। संगठन सृजन अभियान उसी जनभावना को संगठनात्मक शक्ति में बदलने का प्रयास है। अभियान के प्रथम दिवस जिला मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला कांग्रेस कमेटी (DCC) अध्यक्ष पद हेतु आवेदन प्रक्रिया, आवेदन की अंतिम तिथि तथा आगामी 7-8 दिनों के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों, फ्रंटल संगठनों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापक परामर्श एवं वन-टू-वन संवाद भी किया गया इस अवसर पर कांग्रेस नेता अमरेश कुमार अनिश जी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एकजुट होकर अभियान को सफल बनाएं और संगठन को जनआधारित एवं मजबूत स्वरूप प्रदान करें। इस कार्यक्रम में अरविन्द कुमार,महेश सिंह, रामबिलास सिंह, प्रेम कुमार श्री कांत ठाकुर, नजमूल हसन, उचित यादव, खुर्शीद आलम, रामप्रवेश बटुक शर्मा, अलख निरंजन, संजीव सिंह, धीरज कुमार, राजकुमार पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता और पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फालना की सुल्तान सागर कॉलोनी में गहराया जल संकट, 100 परिवार पेयजल को तरसे



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां ।** फालना स्टेशन स्थित बेडल रोड पर बसी सुल्तान सागर आवासीय कॉलोनी में करीब 100 परिवार इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। कॉलोनीवासियों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर कांग्रेस कमेटी, खुड़ाला-फालना के अध्यक्ष हितेश कुमार मेवाड़ा ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (Public Health Engineering Department) के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में शीघ्र पेयजल पाइपलाइन बिछाने की मांग की है।

मेवाड़ा ने बताया कि सुल्तान सागर कॉलोनी में फालना की बड़ी आबादी स्थायी रूप से निवास कर रही है, लेकिन मूलभूत सुविधा पेयजल के अभाव में लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चों को भी पानी के लिए भटकते देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि कॉलोनी में बसे 100 स्थायी परिवारों के लिए जल्द से जल्द पेयजल पाइपलाइन स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान सतपाल सिंह देवड़ा सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे और समस्या के समाधान की मांग की।

### बम्बोर में कामधेनु सेना प्रदेश प्रभारी व ओरण टीम का गौ माता की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत

**चमकता राजस्थान/जोधपुर ग्रामीण/हनुमान सिंह घंटियाला। केरू ।** गांव बम्बोर में कामधेनु सेना के प्रदेश प्रभारी एवं ओरण संरक्षण टीम के सदस्यों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने गौ माता की तस्वीर भेंट कर तथा माल्यार्पण कर अतिथियों का सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक और सामाजिक एकता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर राजूराम डऊकिया, सुमेर सिंह राजपुरोहित, मोहनराम प्रजापत, बालसा बेनिवाल, जालाराम गोदारा, हनुमानराम खन्दोलिया, गोरखराम, सुमेरराम भांभू और मुकेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अतिथियों का साफा पहनाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने गौ संरक्षण और ओरण भूमि बचाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की पहचान है और उसकी सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। साथ ही ओरण क्षेत्र को बचाना पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी है। प्रदेश प्रभारी ने अपने संबोधन में कहा कि गांव-गांव में गौ रक्षा और प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी संस्कृति को मजबूत बनाए रखें।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौ माता की तस्वीर के समक्ष सामूहिक रूप से प्रण लिया कि वे गौ सेवा और ओरण संरक्षण के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वातावरण में उत्साह और एकजुटता साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने का संकल्प लिया।

### ठाणे में पानी की टंकी की बनाने के काम में हो रही लापरवाही के कारण पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर हुए आक्रामक



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** इंदिरा नगर में महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के फंड से व उनके नेतृत्व में, पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर अपने नगर सेवक के कार्यकाल में स्थानीय लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए बहुत ही आवशयक पानी की टंकी मंजूर करवा कर और उसके लिए 12 करोड़ रुपये भी उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के फंड से मंजूर करवाकर पानी की टंकी बनवाई है, जोकि अंतिम चरण में है और जल्द ही उसका उद्घाटन होने वाला था । ताकि गर्मी आने से पहले यह की जनता को पीने के पानी से न जूझना पड़े । लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य धीमी गति से किया जा रहा है और लापरवाही भी दिखाई दे रही है जिस को लेकर आज निरीक्षण दौरा किया गया है पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर ने स्वयं अंडर ग्राउंड टंकी में सीढ़ी से नीचे उतरकर कार्यों का निरीक्षण करते हुए सवाल उठा रहे हैं।

शिवसेना विभाग प्रमुख व माजी नगर सेवक एकनाथ भोईर ने आज अधिकारियों और ठेकेदार के साथ रूपा देवी मैदान में बन रहे पानी की टंकी में हो रहे सात साल से ज्यादा समय होने आ गया है टंकी का काम होते होते देरी पर सवाल उठाया है साथ ही ठेकेदार को चेतावनी दी कि जल्दी से टंकी का काम नहीं किया तो प्रशासन से उसको काली सूची में डालने की मांग महानगर पालिका आयुक्त से करेंगे। इस दौरान नगर सेविका एकता भोईर और स्थानीय नगर सेविका यज्ञा यज्ञेश भोईर ,नगरसेवक सुरेश कांबले उपस्थित थे। स्थानीय लोग और शिवसेना के पदाधिकारियों की उपस्थिति थे।

BJP का 'सबका साथ, सबका विकास' एक मज़ाक है, BJP की आरक्षण विरोधी सोच फिर से सामने आई है।

# मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण पर पुराने फ़ैसलों को रद्द करने का BJP सरकार का कदम लोकतंत्र के लिए खतरनाक : सांसद वर्षा गायकवाड़

चमकता राजस्थान

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग ने 17 फरवरी, 2026 को एक सरकारी फ़ैसला जारी किया है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के स्पेशल बैकवर्ड कैटेगरी-अ के तहत आने वाले लोगों को जाति सर्टिफ़िकेट और जाति वैलिडिटी सर्टिफ़िकेट जारी करने से जुड़े सभी पुराने सरकारी फ़ैसलों और सर्कुलर को



आधिकारिक रद्द कर दिया गया है। यानी मुस्लिम समुदाय को दिया

### सत्तापक्ष की शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण पर अपनी स्थिति साफ़ करनी चाहिए।

गया आरक्षण रद्द कर दिया गया है। इखढ महायुति सरकार का यह फ़ैसला लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और समाज के पिछड़े तबकों को मुख्यधारा में लाने के बजाय, इस सरकार ने उन्हें वापस अंधेरे में धकेल दिया है, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इसकी कड़ी आलोचना की है।

इस पर जवाब देते हुए सांसद वर्षा गायकवाड़ ने आगे कहा कि हम इखढ की महायुति सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा करते हैं। कांग्रेस और ठउढ गठबंधन सरकार ने 2014 में एजुकेशन और नौकरी के लिए जो 5% आरक्षण का ऐलान किया था, उस पर पॉजिटिव कदम उठाने के बजाय, देवेंद्र फडणवीस सरकार ने पुराने प्रकिया को कैंसिल कर दिया है। सरकार ने हाई कोर्ट के इंटरिम स्टे और अध्यादेश के समाप्ति होने का हवाला देकर अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों पर हमला किया है।

## साध्वी प्रेम बाईसा मौत मामला: कार्डियक अटैक से हुई मौत, नर्सिंग स्टाफ ने देवी सिंह को निर्दोष बताते हुए न्याय की मांग की

चमकता राजस्थान

**अनिल सैन/ फलोदी।** साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। जोधपुर पुलिस ने बताया कि साध्वी प्रेम बाईसा की मौत कार्डियक अटैक से हुई थी। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मौत प्राकृतिक कारणों से हुई, मामले की जांच जारी है।

इस प्रकरण में कंपाउंडर देवी सिंह पर दर्ज एफआईआर को लेकर नर्सिंग ऑफिसर और नर्सिंग स्टाफ में नाराजगी देखी जा रही है नर्सिंग स्टाफ का कहना है की देवी सिंह कई बार पहले भी उनकी घर ट्रीटमेंट करने के लिए गए थे इसमें उनकी क्या गलती है इसी मांग को लेकर राजस्थान नर्सिंग यूनियन (एकीकृत) जिला फलोदी के पदाधिकारियों और



नर्सिंग कर्मियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और देवी सिंह को न्याय दिलाने की मांग की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और नर्सिंग स्टाफ ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में पुखराज सुथार (SNO), गोविन्द लवा (NO), मनीष विश्नोई (NO), राधेश्याम (NO), अशोक (NO), स्वरूप राम (NO), कपिल, राजू राम (LT), सुरेन्द्र मीणा (NO), भंवर लाल (ठड), पुखराज पालीवाल (NO), मांगीलाल (ठड), सुमन (ANM), चूरी (ANM), पूजा (ANM), पवित्रा कुमारी (अठट), लीला (ANM), बजरंग, रोशनी (ANM) सहित अन्य नर्सिंग कर्मी मौजूद रहे। नर्सिंग यूनियन ने मांग की कि देवी सिंह के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

## पेड़ कटाई का मामला स्थायी लोक अदालत में दर्ज, जिला जज ने अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए आदेश

**चमकता राजस्थान/ राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** बजरिया, सिविल लाइन,मंडी रोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों के नाम पर की जा रही पेड़ों की कटाई के खिलाफ मामला अब न्यायिक दायरे में पहुंच गया है। इस संबंध में स्थायी लोक अदालत में जनहित याचिका विधिवत दर्ज की गई, जिस पर माननीय जिला जज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से प्रकरण दर्ज करने तथा संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।



यह मामला जनहित में पार्षद राजेश पहाड़िया, समाजसेवी रत्नाकर गोयल एवं अवधेश शर्मा की ओर से प्रस्तुत किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय में एडवोकेट जगन्नाथ चौधरी,एडवोकेट राजेश मीणा,मुकेश भूप्रेमी,प्रेमराज मीणा एवं भरतलाल मीणा ने पक्ष रखते हुए बताया कि बजरिया मंडी रोड जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर हरे-भरे और पूर्ण विकसित पेड़ों की कटाई की जा रही है।

न्यायालय के समक्ष यह भी रखा गया कि उक्त कटाई सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के आदेशों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। याचिका में स्पष्ट किया गया कि वैधानिक अनुमति, पर्यावरणीय आकलन और वैकल्पिक वृक्षारोपण की शर्तों की अनदेखी कर पेड़ों को काटा गया, जिससे आमजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने न्यायालय के इस हस्तक्षेप का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि बजरिया मंडी रोड पर पेड़ों की कटाई पर रोक लगेगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## चंद्रयान से सौर ऊर्जा तक :- ज्ञान सागर स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी ने बिखेरा ज्ञान का उजाला



**चमकता राजस्थान/गुमान सैनी/फालियावास।** क्षेत्र में स्थित ज्ञान सागर स्कूल में विज्ञान विषय पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने चंद्रयान मिशन, मानव शरीर के विभिन्न अंगों के मॉडल, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पृथ्वी पर दिन-रात बनने की प्रक्रिया, वायु प्रदूषण सहित अनेक नवाचारपूर्ण परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं।

विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी, जिससे उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को विज्ञान के विभिन्न विषयों की उपयोगी और रोचक जानकारी प्राप्त हुई। बच्चों का आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण शैली सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं अभिभावक भी पहुंचे। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार की ओर से इस आयोजन को सफल बनाने में समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मान सिंह, राधेश्याम, शैतान सिंह, पूजा, कविता और सायर सहित अन्य शिक्षकों ने मिलकर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया।

कार्यक्रम में माध्यम चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ट्रस्ट की ओर से भारती जगरवाल, अशोक शर्मा और मोनिका अरोड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट परियोजनाएँ तैयार की हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके हौसले को और बढ़ाया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी ने न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह का संदेश भी दिया।

## जेईई मेन 2026 में दीपेश कच्छावाह की शानदार सफलता, पीपाड़ शहर में हुआ सम्मान

- 99.59 NTA स्कोर के साथ क्षेत्र का बढ़ाया मान

**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/ जोधपुर/मेहराम गहलोत।** क्षेत्र के होनहार छात्र दीपेश कच्छावाह ने Joint Entrance Examination (JEE Main) 2026 (Session-1) में 99.59 NTA स्कोर प्राप्त कर नगर एवं समाज का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार, मित्रों एवं समाजजनों में हर्ष का माहौल है।



दीपेश के पिता पीपाड़ शहर स्थित बिजलीघर में कार्यरत हैं तथा माता ग्रहणी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर के पैराडाईज स्कूल से प्राप्त की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

दीपेश प्रतिष्ठित वरिष्ठ समाजसेवी एवं पीपाड़ नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय बचनाराम कच्छावाह के पड़पौत्र हैं, जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा और गौरवशाली परंपरा भी इस उपलब्धि से जुड़ गई है।

इस उपलब्धि पर पीपाड़ शहर में परिजनों, समाज बंधुओं एवं शुभचिंतकों ने दीपेश का माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर भव्य स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह सफलता केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

दीपेश की इस सफलता से देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों – ठक्ळ, क्क्क्ळ एवं अन्य शीर्ष कॉलेजों में प्रवेश के अवसर खुल गए हैं। भविष्य में वे इंजीनियरिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर देश सेवा करना चाहते हैं।

परिजनों ने दीपेश की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं परिवार के सहयोग को दिया।

## आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रानी का वार्षिकोत्सव 'आरोहण-2026' संपन्न




**चमकता राजस्थान/रानी।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रानी का वार्षिकोत्सव 'आरोहण-2026' हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित डाया लाल रांकावत रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कालू मालवीय एवं ललित कुमार सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुकनराज सुथार ने की। समारोह का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सूर्य नमस्कार, योगासन एवं नियुद्ध के आकर्षक प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें देशभक्ति, संस्कार एवं सामाजिक संदेशों से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने खूब सराहना बटोरी। गत सत्र की परीक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रबंध समिति के संरक्षक सतनाम सिंह, नारायण सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष मदन लाल वैष्णव, सह व्यवस्थापक अनिल अग्रवाल, समिति सदस्य चंपालाल कुमावत, भव्य प्रकाश, भुवनेश सेन, हीरा लाल सुथार, उमेश सोनी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद वैष्णव, उत्सव प्रभारी गोविंद सिंह राठौड़, भरत कुमार, गोविंद राम, मदन लाल, सुरेंद्र सिंह, गणेशराम, ओमपाल सिंह, विकास गहलोत, रुबल कुमार, राधा वैष्णव, नरेश कंवर, मधु कुमारी, रेणुका अरोड़ा, आरती सुथार एवं गायत्री सहित पूर्व छात्र, अभिभावक व विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्र खुशाल सिंह एवं छात्र श्रवण कुमार ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# दिल्ली शैक्षणिक भ्रमण 13 से 16 फ़रवरी 2026 में राजस्थान की 20 महिला कार्यकर्ता पहुंचीं राष्ट्रपति भवन

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लेबर एजुकेशन डेवलपमेंट संस्थान द्वारा महिलाओं में नेतृत्व विकास की दिशा में राजस्थान के विभिन्न जिलों–जयपुर, चुरू, हनुमानगढ़–से आई 20 महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ताओं का 5 दिन का शैक्षणिक भ्रमण दिल्ली में आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं को संवैधानिक मूल्यों और नीति निर्माण प्रक्रिया से



परिचित कराना था।

भ्रमण के दौरान, राजस्थान की धोरों की धरती से आई ये महिलाएं पहली बार अपने घरों से बाहर निकलीं और दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया, जिसमें राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, इंडिया गेट, गुरुद्वारा बंगला साहिब और जंतर मंतर शामिल थे। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने सरकार और नीति निर्माताओं की कार्यवाही को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व लेबर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसाइटी की निदेशक हेमलता कांसोटिया ने किया। विशेष बात यह रही कि इस भ्रमण के दौरान, 14 फरवरी को शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही, प्रेम दिवस पर ₹तुम मुझको विश्वास दो, मैं तुमको विश्वास दूँ₹ और ₹मरुधरा को मिलकर स्वर्ग बनाएंगे₹ जैसे प्रेरणादायक संदेशों के साथ महिलाओं ने आपस में गुलाब देकर प्रेम दिवस मनाया।

इस अवसर पर, महिलाओं ने संविधान की प्रस्तावना के साथ शपथ ली, जिसमें उन्होंने संकल्प लिया कि ₹ना हम गलत करेंगे, ना गलत का साथ देंगे, ना अन्याय सहेंगे, ना अन्याय बहनों को सहने देंगे₹। इस भ्रमण में कमला प्रजापत, शीतल सेन, उर्मिला कुमारी, आमना बानो, गौरव लड़ना, सुप्रिया र, दिव्या वाल्मीकि, नरेंद्र कुमार, निशा, हसीब, उल्फत, बबीता, फराह सहित कई अन्य महिलाएं शामिल रही।

## संक्षिप्त समाचार

### जोगासर के प्रवीण कुमार ने Joint Entrance Examination (JEE) Main 2026 में हासिल किए 98 प्रतिशत, बायतु भोपजी क्षेत्र में खुशी की लहर

**चमकता राजस्थान/चिमु धतरवाल/बायतु।** जोगासर ग्राम सहित पूरे बायतु क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि जोगासर निवासी प्रवीण कुमार, पिता गोकुलराम धतरवाल ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा Joint Entrance Examination (JEE) Main 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर है।



प्रवीण कुमार की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में रहकर भी कठिन परिश्रम, लगन और सही मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर अध्ययन को दिया।
प्रवीण के पिता गोकुलराम धतरवाल ने बताया कि बेटे ने नियमित समय-सारिणी बनाकर पढ़ाई की और सोशल मीडिया से दूरी रखते हुए लक्ष्य पर फोकस बनाए रखा। परिवार ने भी हर परिस्थिति में उसका हौसला बढ़ाया।
जोगासर और बायतु भोपजी क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रवीण की इस उपलब्धि पर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। स्थानीय शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने कहा कि प्रवीण की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।
ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रवीण आगामी चरणों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।
इस अवसर पर सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भी प्रवीण कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं।

### चौथे संस्करण के साथ प्रैट बाई कोट्यूर इण्डिया मुंबई में

- **जयपुर के शीर्ष 23 ज्वैलर्स इस उच्च स्तरीय शो में भाग ले रहे है।**

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** भारतीय रत्न और आभूषण बंधुओं को अपनी तरह के अनूठे शो में नवीनतम आभूषण डिजाइन देखने का मौका मिलेगा क्योंकि भारत का अद्वितीय ज्वैलरी शो 'प्रैट बाई कोट्यूर इंडिया शो' का चतुर्थीय संस्करण 19 फरवरी 2026 को मुंबई के ग्रैंड हयात-बांद्रा, में शुरू होगा। यह शो तीन दिवसीय 19 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें 60 स्टाल्स हैं।



शो के आयोजक जैम एण्ड ज्वैलरी इन्फोरमेशन सेन्टर के आलोक काला ने बताया कि प्रैट बाई कोट्यूर इंडिया एक विशेष रूप से क्यूरेटेड बिजनेस बुटीक शो है जो अभिजात वर्ग समुदाय के लिए आभूषण निर्माताओं, डिजाइनरों और खुदरा विक्रेताओं को एक जगह मिलाता है। इंडियन ज्वैलर (''आईजे'') पत्रिका द्वारा शुरू की गई, कोट्यूर इंडिया बिजनेस बुटिक शो लक्जरी ज्वैलरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए उपयुक्त है। शो का स्थान - मुंबई - लक्जरी आभूषण बिरादरी के लिए आसानी से सुलभ हैं। शो का उद्घाटन जैम एण्ड ज्वॅलरी एक्सपोर्ट प्रमोषन कॉसिंल के चेयरमैन कीरीत भंसाली करेंगे। जयपुर से इस शो में भाग लेने वाले 23 मुख्य ज्वैलर्स जयपुर रत्ना, अचल ज्वैल्स, कालाजी ज्वैलरी, नाइन ज्वैलरी, पी.सी. तोतुका एण्ड सन्स, रामभजो, रानीवाला ज्वैलर्स, गीता श्यााम ज्वॅलर्स, वैलनटाईन जड़ाऊ, गुरू कृपा डिजाइन स्टूडियो, व्हाइट लोट्स ज्वॅलरी, चौरड़िया ज्वॅल्स, माँ सती ज्वॅल्स प्रा. लि. और ज्वॅल्स बाई सेफोरा है। इस शो में कुछ प्रतिभागी मुम्बई, सूरत, बेंगलोर, अहमदाबाद व राजकोट से भी हैं। इस शो में प्रवेश सिर्फ रिटेल ज्वैलर को ही मिलता है, निर्माता को नहीं।

### भव्य पाटोत्सव के तहत प्रभातफेरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

- **गेहलपुर हिंगलाज माता मंदिर में पहुंची 101 गांवों की रामधुनि**
- **20 फरवरी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आएंगे गेहलपूर**



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर। अराई।** गेहलपुर स्थित हिंगलाज मातेश्वरी मंदिर में आयोजित भव्य पाटोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंग गया।
पाटोत्सव के तहत निकली प्रभातफेरी में करीब 101 गांवों से रामधुनि मण्डलियो ने भजन कीर्तन किया जिसमें करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने पूरे गांव की परिक्रमा कर माता की पूजा-अर्चना की और भजन-कीर्तन के साथ जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं मेले में लगे झूलों पर बच्चों और युवाओं की खूब रौनक रही। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे भक्तों ने माता के दर्शन कर मनौतियां मांगी। कार्यक्रम में महिलाएं और युवा पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे मंदिर परिसर में भक्ति, उल्लास और मेले जैसा जीवंत माहौल बना रहा। प्रशासन और आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गईं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा और पूरा क्षेत्र श्रद्धा और भक्ति में सराबोर नजर आया।

# स्पीकर देवनानी ने सदन की गरिमा एवं अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु के निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज बुधवार को सदन की कार्यवाही के सुचारु संचालन एवं मर्यादा के पालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।
अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि जिन माननीय सदस्यों के नाम चर्चा में भाग लेने हेतु निर्धारित किए जाते हैं, वे मंत्री के उत्तर तक सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। चर्चा केवल अपने विचार व्यक्त करने तक सीमित न रहे, बल्कि मंत्री के उत्तर को सुनना भी प्रत्येक सदस्य का दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों को सीमित कार्य दिवसों के दौरान सदन में सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर कोरम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न करती है। सभी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है. विशेषकर वे सदस्य जिनका नाम चर्चा के लिए निर्धारित है।



अध्यक्ष देवनानी ने यह भी निर्देशित किया कि जब किसी भी अनुदान की मांग पर संबंधित मंत्री उत्तर देते हैं, उस समय मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि 16 अनुदान मांगों पर अलग-अलग मंत्रियों को उत्तर देना होता है, ऐसे में मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यॉ का भी सदन में उपस्थित रहकर चर्चा सुनना संसदीय परंपरा और मर्यादा के अनुरूप है।
अध्यक्ष श्री देवनानी अनुदान की मांगों पर कटौती प्रस्तावों की प्रक्रिया स्पष्ट करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि जिस दिन संबंधित मांग सदन में ली जाती है, उस दिन प्रस्तुत सभी कटौती प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत माने जाएंगे। बोलने की अनुमति उन्हीं माननीय सदस्यों को दी जाएगी, जिनके नाम विभिन्न दलों के सचेतकों एवं सरकारी मुख्य सचेतक द्वारा आसन को भेजे जाएंगे। प्राथमिकता उन सदस्यों को दी जाएगी, जिनके कटौती प्रस्ताव सूचीबद्ध हैं। मतदान के समय यह परंपरा रही है कि प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव स्वतः वापस माने जाते हैं। जिस माननीय सदस्य का नाम पुकारा जाएगा, वे अपने सभी कटौती प्रस्तार्वा पर एक साथ उसी समय अपने विचार रखेंगे। पार्टी के नेता अथवा अन्य प्रमुख सदस्य भी अपनी पार्टी की ओर से विचार व्यक्त कर सकेंगे।

## अजमेर जिले में नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से धार्मिक एवं सामुदायिक प्रभावशाली व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** गीत योगी के अनूसार कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग एवं दिशा आर.सी.डी समाज सेवी संस्थान द्वारा होटल विवान मे किया गया।
बैठक में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों एवं समुदाय स्तर के प्रभावशाली नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नियमित टीकाकरण के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियों एवं संकोच को दूर करना तथा सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहार को धर्मगुरुओं के माध्यम से बढ़ावा देना रहा।



संयुक्त निदेशक (जोन अजमेर) डॉ. सम्पत जोधा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति शिंदे, चिश्ती फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद सलमान चिश्ती तथा सर्व धर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एस.एम.ओ.डब्ल्यूएचओ ने डॉ. मुरेन्द्र शर्मा ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को टीकाकरण में सक्रिय योगदान देने हेतु प्रेरित किया। दिशा संस्थान से श्री अभय सिंह द्वारा कार्यक्रम की प्रगति से अवगत करवाया गया।
संयुक्त निदेशक महोदय ने धर्मगुरुओं से विशेष अपील की कि वे अपने मंचों के माध्यम से समुदाय को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करें। डॉ. स्वाति शिंदे ने अपने संबोधन में कहा कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सभी आवश्यक टीके निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं एवं टीकाकरण पोस्टर के माध्यम से पूर्ण टीकाकरण की जानकारी भी साझा की गई।
कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र विशेष में टीकाकरण से जुड़ी चुनौतियों, अफवाहों तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। धार्मिक एवं सामुदायिक प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने मंचों से सकारात्मक संदेश प्रसारित करेंगे तथा टीकाकरण से मना करने वाले परिवारों को समझाने में सहयोग प्रदान करेंगे।
अंत में सभी उपस्थित प्रभावशाली व्यक्तियों ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित टीकाकरण को जनआंदोलन का रूप देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा जीवनरक्षक टीकों से वंचित न रहे।

## रबी विपणन सीजन 2026-27ः समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद हेतु तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद को सुचारु, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पूर्व खरीद तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित क्रय एजेंसियों के अधिकारियों के साथ कार्ययोजना, मानव संसाधन की उपलब्धता, क्रय केन्द्रों की स्थापना, मण्डी प्रांगण एवं फोकल पॉइंट्स पर स्थान चयन, हैंडलिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन निविदाओं की स्थिति, बारदाने की उपलब्धता, गोदामों की मैपिंग तथा भंडारण क्षमता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।
बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा आरएमएस 2026-27 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर क्रय एजेंसियों के माध्यम से गेहूँ विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को उनकी उपज का मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सीधे उनके जनाधार से जुड़े बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।
राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद का कार्य 10 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। किसान 01 फरवरी 2026 से 25 जून 2026 तक प्रतिदिन 24 घंटे किसी भी समय स्वयं अथवा अधिकृत माध्यम से पंजीकरण करवा सकेंगे। पंजीकरण प्रक्रिया एवं क्रय केन्द्रों की जानकारी खाद्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। क्रय केन्द्रों में किसी भी प्रकार के संशोधन की नवीनतम जानकारी भी समय-समय पर वेबसाइट पर अद्यतन की जाएगी।
जिले में गेहूँ खरीद सुचारु संचालन हेतु जिला रसद अधिकारी (डीएसओ) सदिक अली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।
बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि क्रय प्रारंभ होने से पूर्व सभी एजेंसियाँ अपनी तैयारियाँ पूर्ण कर लें। विशेष रूप से मण्डी प्रांगण एवं फोकल पॉइंट्स पर साफ-सफाई, छाया, पेयजल, वॉशरूम, ड्रायर, क्लीनर, मॉइश्चर मीटर, तुलाई कांटे की कार्यशीलता, जल निकासी व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विगत वर्षों में इन व्यवस्थाओं में पाई गई कमियों को देखते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## सर्द मौसम पर सक्षम राजस्थान संस्था द्वारा पुष्कर क्षेत्र में जरूरतमंद एवं असहाय दिव्यांग बच्चों एवं लोगों को कंबल एवं गर्म जैकेट वितरित कर सेवा कार्य किया गया

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर। संस्था के कार्यकर्ताओं ने ठंड से राहत प्रदान करने हेतु सैकड़ों जरूरतमंदों तक पहुंचकर उन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए। पुष्कर उम्मीद डे केयर सेंटर पर दिव्यांग बच्चों को कम्बल दिए गए
एडवोकेट सर्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि कपड़ा दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण कष्ट न सहे। वितरण कार्यक्रम में नितेश जी केसरपुरा अनिल जी शर्मा एडवोकेट सुनील जी मेघवाल जसराज जी भाट हीरालाल जी गुजर हनुमान जी मेघवाल सुरेश जी नागौरा अमित जी रावत आशुतोष जी शर्मा रविन्द्र जी रावत स्थानीय नागरिकों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। सक्षम राजस्थान संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं मानवीय सहायता के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों ने समाज के समर्थ वर्ग से अपील की कि वे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं और मानव सेवा के इस अभियान में सहयोग प्रदान करें।



बेहतर सुरक्षाः शक्तिशाली ड्रम ब्रेक से सेगमेंट में सबसे कम ब्रेकिंग दूरी

## महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड का नया ई-ऑटो 'महिंद्रा UDO (उड़ो)' लॉन्च, शहरी परिवहन को देगा नई उड़ान – शुरुआती कीमत 3,58,999.00 लाख

चमकता राजस्थान

- **सेगमेंट में पहली बार फुल मोनोकॉक निर्माण पर आधारित वऊ्ड में आकर्षक और एयरोडायनामिक डिज़ाइन दिया गया है, जिसमें दमदार हेडलैम्प, स्टाइलिश मिरर और बड़ा विंडशील्ड शामिल है – जो इसे सड़क पर अलग और प्रभावशाली पहचान देता है।**
- **बेजोड़ आरामः ड्राइवर के लिए सेगमेंट का सबसे आरामदायक 'पायलट सीट' और यात्रियों के लिए फर्स्ट-क्लास सीटिंग, बेहतर लेगरूम और हेडरूम**
- **दमदार प्रदर्शनः स्मार्ट ड्राइव मोड (Range, Ride, Race) के साथ 200 किमी की वास्तविक ड्राइविंग रेंज, सेगमेंट में सर्वाधिक ऊर्जा दक्षता**
- **उद्योग में पहली बार फीचर्सः रिवर्स थ्रॉटल और क्रीप मोड से बेहतर वाहन नियंत्रण**

**हैदराबाद।** भारत की नंबर 1 इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी, महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड (टछटटछ) ने आज लास्ट माइल परिवहन के क्षेत्र में नया अध्याय शुरू करते हुए अपना अब तक का सबसे उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर 'महिंद्रा वऊ्ड' पेश किया। महिंद्रा वऊ्ड का डिज़ाइन हवाई जहाज़ से प्रेरित है और इसे ''ऑटोप्लेन'' की अवधारणा पर तैयार किया गया है। हिंदी में 'उड़ो' का अर्थ है 'उड़ान भरना', और यह वाहन ग्राहकों की आकांक्षाओं को पंख देने का प्रतीक है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 3,84,299.00 रखी गई है, लेकिन सीमित अवधि के लिए वऊ्ड 3,58,999.00 में उपलब्ध होगा।

- **आराम और डिज़ाइन में क्रांति**

1948 से पारंपरिक ऑटो डिज़ाइन में वैश्विक स्तर पर बहुत बदलाव नहीं हुआ। ड्राइवर और यात्रियों के आराम को अक्सर नज़रअंदाज़ किया गया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा 3ह एश बाज़ार है, इसलिए इस बदलाव की अगुवाई करना स्वाभाविक था।
महिंद्रा के चीफ डिज़ाइन एंड क्रिएटिव ऑफिसर (ऑटो और फार्म सेक्टर), प्रताप बोस और उनकी टीम ने ऑटो को नए सिरे से डिज़ाइन किया है। आकर्षक हेडलैंप, स्टाइलिश मिरर और बड़ी विंडशील्ड के साथ वऊ्ड की रोड प्रेजेंस अलग पहचान बनाती है।
अंदर की ओर, ''ऑटोप्लेन'' में ड्राइवर के लिए लगभग 20% मोटी और अधिक आरामदायक 'पायलट सीट' दी गई है। यात्रियों के लिए फर्स्ट-क्लास सीटिंग के साथ बेहतर लेगरूम और हेडरूम दिया गया है, जिससे लंबी यात्राओं में भी लाउंज जैसा आराम मिलता है। इंडिपेंडेंट रियर सस्पेंशन और ड्यूल फोर्क फ्रंट सस्पेंशन उबड़-खाबड़ सड़कों पर भी बेहतर स्थिरता और आराम सुनिश्चित करते हैं। सेगमेंट में पहली बार मोनोकोक कंस्ट्रक्शन के साथ, महिंद्रा वऊ्ड मजबूत संरचना और बेहतरीन राइड क्वालिटी प्रदान करता है।

- **दमदार प्रदर्शन**

भविष्यवादी डिज़ाइन और आराम के साथ वऊ्ड शानदार प्रदर्शन भी देता है। यह 200 किमी की वास्तविक ड्राइविंग रेंज (265 किमी अफ्अकप्रमाणित रेंज) प्रदान करता है।
इसमें क्द्ध67-रेटेड 11.7 'हँ लेजर-वेल्डेड लिथियम-आयन बैटरी पैक दिया गया है। ढटर मोटर 10'ह की पीक पावर और 52ठे टॉर्क देती है। रीजनरेटिव ब्रेकिंग और सेगमेंट में पहली बार रिवर्स थ्रॉटल सिस्टम बिना ब्रेक दबाए स्मूद स्पीड कंट्रोल देता है। यह फीचर रेंज बढ़ाने के साथ ड्राइविंग को और सहज बनाता है।
हिल होल्ड असिस्ट और क्रीप फंक्शन ढलानों और ट्रैफिक में आसान ड्राइविंग सुनिश्चित करते हैं। फ्लीं, फ्रीं और फ्री – इन तीन ड्राइविंग मोड के साथ ड्राइवर ट्रैफिक और जरूरत के अनुसार प्रदर्शन चुन सकता है। फ्री मोड में 55 किमी/घंटा की टॉप स्पीड से सफर तेज़ी से पूरा कर अधिक आय अर्जित की जा सकती है।

- **सुरक्षा और भरोसा**

महिंद्रा वऊ्ड के साथ 1.5 लाख किमी या 6 वर्ष (जो पहले हो) की वारंटी दी जा रही है। क्द्ध67-रेटेड बैटरी, ड्राइवट्रेन और चार्जर इसे कठिन मौसम में भी भरोसेमंद बनाते हैं।
शक्तिशाली ड्रम ब्रेक इसे सेगमेंट में सबसे कम^ ब्रेकिंग दूरी प्रदान करते हैं। 30.48 सेमी ट्यूबलेस टायर अतिरिक्त सुरक्षा देते हैं। महिंद्रा को वऊ्ड पर अपने भरोसे का प्रमाण देते हुए उद्योग में पहली बार 1 लाख किमी तक मुफ्त सर्विस की सुविधा दी जा रही है। वऊ्ड खरीदने पर ग्राहक स्वतः महिंद्रा की वऊ्अ ठळ योजना में शामिल हो जाते हैं, जिसके तहत वाहन मालिक को 20 लाख का दुर्घटना बीमा, वित्तीय परामर्श और अन्य लाभ प्रदान किए जाते हैं।
अपने आकर्षक डिज़ाइन, सेगमेंट में पहली बार दिए गए फीचर्स और महिंद्रा की विश्वसनीयता के साथ वऊ्ड, छ5ट ऑटो श्रेणी में इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार के लिए तैयार है। महिंद्रा वऊ्ड का निर्माण ज़हीराबाद स्थित महिंद्रा के अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में किया जाता है। इस संयंत्र में कंपनी ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है, जिसमें नई ऑटोमेटेड बैटरी असेंबली और रोबोटिक उत्पादन लाइनें शामिल हैं।
महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, सुमन मिश्रा ने कहा, ''महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी में हमारा उद्देश्य शहरों की छोटी दूरी के परिवहन को इलेक्ट्रिक बनाकर ग्राहकों के जीवन में सार्थक सुधार लाना है। इस लॉन्च के साथ हम उस दिशा में एक ठोस और निर्णायक कदम उठा रहे हैं। ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए महिंद्रा वऊ्ड को पूरी तरह नए सिरे से तैयार किया गया है, ताकि इसमें सुरक्षा, आराम, डिज़ाइन और प्रदर्शन का संतुलित मेल हो। यह उत्पाद हमारे उस विश्वास को दर्शाता है कि छोटी दूरी की सवारी केवल रोज़गार का साधन न रहे, बल्कि गरिमा और सम्मान का प्रतीक बने, और साथ ही इस श्रेणी में नए मानक स्थापित करे।''

# भारत-फ्रांस के रिश्ते 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' में अपग्रेड, रक्षा और एआई समेत हुए कई ऐतिहासिक समझौते



नई दिल्ली/एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की 17 से 19 फरवरी तक चलने वाली भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और रणनीतिक संबंधों का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। राष्ट्रपति मैक्रों की यह अहम यात्रा मुंबई से शुरू हुई, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक विस्तृत और अहम द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद दोनों शीर्ष नेताओं ने नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भी शिरकत की। इस दौरे का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक परिणाम यह रहा कि भारत और फ्रांस के बीच अब तक के संबंधों को अपग्रेड करते हुए इसे विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दे दिया गया है।

## रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में भारत की बड़ी छलांग

रक्षा क्षेत्र में भारत की 'आत्मनिर्भरता' को और मजबूत करते हुए दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समझौते का नवीनीकरण किया गया है। इसके तहत कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। साथ ही, भारतीय सशस्त्र बलों क ी ताकत बढ़ाने के लिए 'हैमर' मिसाइलों के स्वदेशी उत्पादन को लेकर बीईएल और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच एक संयुक्त उद्यम पर मुहर लगी है। सैन्य स्तर पर सहयोग को और गहरा करने के लिए भारतीय सेना और फ्रांसीसी लैंड फोर्सेज के अधिकारियों की एक-दूसरे के यहां पारस्परिक तैनाती का फैसला लिया गया है। इसके अलावा, एयरोनॉटिक्स में स्किलिंग के लिए एक नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एक संयुक्त एडवांस्ड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट ग्रुप का भी गठन किया गया है।

## इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य सेवा में नई शुरुआत

इस दौरे पर तकनीक और भविष्य के इनोवेशन पर भी खासा जोर देखने को मिला। दोनों देशों ने साझा रूप से 'भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर 2026' और एक नए इनोवेशन नेटवर्क का शुभारंभ किया है। स्वास्थ्य और तकनीक को जोड़ते हुए नई दिल्ली स्थित एम्स में 'एआई इन हेल्थ' के लिए एक खास इंडो-फ्रेंच सेंटर की शुरुआत की गई है। इसके अलावा डिजिटल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी और मेटाबॉलिक हेल्थ साइंसेज के लिए भी संयुक्त केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई है। विज्ञान और तकनीक विभाग और फ्रांसीसी एजेंसी के बीच एडवांस्ड मटेरियल्स सेंटर बनाने और वैज्ञानिक सहयोग के लिए अहम समझौते हुए हैं। वहीं, संक्रामक रोगों और ग्लोबल हेल्थ रिसर्च को लेकर भी दोनों देशों ने साथ मिलकर काम करने का लेटर ऑफ इंटेंट साइन किया है।

## अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और कूटनीतिक संवाद पर बनी सहमति

द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को सुगम बनाने के लिए भारत और फ्रांस के बीच 'डबल टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट' में एक अहम संशोधन प्रोटोकॉल शामिल किया गया है। स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, नवाचार और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग के लिए टी-हब और नॉर्ड फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी पर सहमति बनी है। इसके साथ ही क्रिटिकल मिनरल्स व मेटल्स पर संयुक्त घोषणा और भारत के संचार मंत्रालय (डाक विभाग) और फ्रांस की ला पोस्टे के बीच भी अहम लेटर ऑफ इंटेंट साइन हुआ है। भविष्य के 'हॉरिजन 2047' रोडमैप की नियमित समीक्षा और ऊंचे स्तर की साझेदारी बनाए रखने के लिए अब से दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच एक वार्षिक संवाद भी स्थापित किया गया है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी सहयोग समझौते का नवीनीकरण किया गया है।

## मशहूर एक्ट्रेस प्रवीणा देशपांडे का 60 साल की उम्र में निधन, लंबे समय से लड़ रही थीं कैंसर से जंग



मुंबई/एजेंसी

हिंदी और मराठी मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली मशहूर अभिनेत्री प्रवीणा देशपांडे का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह साल 2019 से मल्टीपल मायलोमा (ब्लड कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से मजबूती से जंग लड़ रही थीं, लेकिन आखिरकार 17 फरवरी को उन्होंने अंतिम सांस ली। दिवंगत अभिनेत्री के शोकाकुल परिवार ने उनके आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए यह दिल दहला देने वाली खबर साझा की है। प्रवीणा देशपांडे का अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मुंबई के अंधेरी ईस्ट स्थित चकला पारसीवाड़ा के एक हिंदू श्मशान घाट पर नम आंखों के बीच किया गया। उनके इस तरह चले जाने से सिनेमा और टीवी जगत को एक अपूरणीय क्षति हुई है।

प्रवीणा देशपांडे को हिंदी और मराठी सिनेमा में उनके बेहतरीन सपोर्टिंग और कैरेक्टर रोल्स के लिए हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा। यूं तो उन्होंने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन दर्शकों के बीच उन्हें सबसे बड़ी पहचान सलमान खान की साल 2011 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'रेडी' से मिली। इस फिल्म में उनके द्वारा निभाए गए 'शालू चौधरी' के किरदार ने लोगों के दिलों पर एक गहरी छाप छोड़ी थी। इसके अलावा उन्होंने जॉन अब्राहम के साथ फिल्म 'परमाणु', सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर 'एक विलेन' और 'जलेबी' जैसी कई हिट फिल्मों में अपने शानदार अभिनय का लोहा मनवाया। लीड रोल न होने के बावजूद उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और एक्टिंग की गहराई हमेशा दर्शकों को बांधे रखती थी।

बड़े पर्दे के साथ-साथ टेलीविजन की दुनिया में भी प्रवीणा देशपांडे ने खूब शोहरत हासिल की थी। छोटे पर्दे पर 'घर एक मंदिर', 'कुमकुम', 'करम अपना अपना' और 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' जैसे कई सुपरहिट और मशहूर सीरियल्स में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाईं। डेली सोप में उनके द्वारा निभाए गए मां और अन्य मजबूत सपोर्टिंग किरदारों ने उन्हें घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम बना दिया था। खासतौर पर फैमिली ऑडियंस के बीच उनकी एक अलग और बहुत खास फैन फॉलोइंग थी। प्रवीणा देशपांडे ने टेलीविजन और फिल्मों की चकाचौंध में कदम रखने से पहले अपने कलात्मक सफर की शुरुआत थिएटर के मंच से की थी, जिसने उनके अभिनय की नींव को बेहद मजबूत बनाया। उनके आखिरी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उन्होंने नीरज पांडे द्वारा निर्देशित और इमरान हाशमी स्टारर 2026 की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करी' में एक अहम कैमियो किया था, जो रिलीज के हिसाब से उनका आखिरी ऑन-स्क्रीन अपीयरेंस रहा। इसके अलावा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने मशहूर वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के बहुप्रतीक्षित सीजन 3 की शूटिंग भी पूरी कर ली थी। इस सीरीज में उन्होंने मनोज बाजपेयी के किरदार की मां का अहम रोल निभाया है, जिसके जरिए फैंस उन्हें एक आखिरी बार पर्दे पर अभिनय करते हुए देख सकेंगे।

## यूजर्स को राहत : भारत समेत दुनियाभर में फिर से बहाल हुई यूट्यूब की सेवाएं, देर रात हो गया था डाउन

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में वीडियो शेयरिंग साइट यूट्यूब की सेवाएं फिर से बहाल हो गई हैं। पिछले कुछ घंटों में तकनीकी खराबी के कारण यूट्यूब यूजर्स को होमपेज समेत वीडियो नहीं दिख रहे थे। यूट्यूब ने आधिकारिक तौर पर बताया कि हमारे रिकमेंडेशन सिस्टम की दिक्कत ठीक हो गई है और हमारे सभी प्लेटफॉर्म (यूट्यूब.कॉम, यूट्यूब ऐप, यूट्यूब म्यूजिक, किड्स और टीवी) वापस नॉर्मल हो गए हैं। हम शुक्रगुजार हैं कि आपने इसे सुलझाने में हमारा साथ दिया।

यूट्यूब मंगलवार देर रात से पूरी तरह डाउन हो गया। दुनिया भर से यूजर्स ने परेशानियों का सामना किया। यूट्यूब पर वीडियो (होमपेज, यूट्यूब ऐप, यूट्यूब म्यूजिक और किड्स) नहीं दिख रहे थे। कंपनी ने 'एक्स' पर एक सपोर्ट पेज से लिंक करते हुए कहा, अगर आपको अभी यूट्यूब एक्सेस करने में दिक्कत आ रही है, तो आप अकेले नहीं हैं। हमारी टीमें इस पर काम कर रही हैं।

ट्रैकिंग वेबसाइट डाउन डिटेक्टर ने बताया कि यूजर बेस से 30 लाख से अधिक समस्याओं की रिपोर्ट मिलीं। हालांकि, भारतीय समयानुसार लगभग 6.30 बजे पर चरम पर पहुंचने के बाद शिकायतों की संख्या कम होती दिखाई दी। यूट्यूब ने सेवाओं के बाधित होने की पुष्टि की और कहा, हमें पता है कि आप में से कुछ लोगों को अभी यूट्यूब एक्सेस करने में दिक्कत आ रही है। हमारी टीम इसको ठीक करने में लगी है। जैसे ही हमें अपडेट मिलेंगे, हम आपको बता देंगे।

बाद में यूट्यूब ने एक अपडेट जारी कर बताया कि होमपेज वापस आ गया है, लेकिन टीम 'पूरे फिक्स' पर काम कर रही है। आउटेज के सबसे गंभीर समय के दौरान, वेबसाइट के होमपेज पर आने वाले उपयोगकर्ताओं को बाद में वापस आने का संदेश दिखाई दे रहा था।

## श्रीनगर-बारामूला हाईवे पर संदिग्ध वस्तु बरामद, सुरक्षाबलों ने सील किया इलाका; मौके पर पहुंची बम स्क्वायड

**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सुरक्षाबलों को सड×क के किनारे एक संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। ऐसी आशंका है कि यह आईईडी हो सकती है, जिसे किसी बड़ी साजिश के तहत वहां रखा गया था। जवानों ने तुरंत इलाके को घेर लिया है और एहतियात के तौर पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही रोक दी है, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार, पूरे इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है और जवानों ने आसपास के इलाकों में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है।

## आज के समय में प्यार की सबसे बड़ी चुनौती कम्युनिकेशन है : मृणाल ठाकुर

**मुंबई/एजेंसी।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने आज के दौर में प्यार को लेकर एक गहरी बात कही है। अपनी अपकमिंग फिल्म 'दो दीवाने शहर में' के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि आज प्यार के लिए सबसे बड़ी चुनौती संवाद (कम्युनिकेशन) की कमी है। उनका मानना है कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में इतने सारे ऑप्शन और तरीके होने के बावजूद रिश्ते कमजोर पड़ रहे हैं। मृणाल ने कहा कि आजकल प्यार में सबसे बड़ी समस्या कम्युनिकेशन है। बहुत सारे तरीके होने के कारण थकान हो जाती है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत का पंजाब प्रवास 25 फरवरी से

**जालंधर/एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 25 फरवरी को अपने प्रवास के दौरान पंजाब पहुंच रहे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष और संघ के पंच परिवर्तन विषयों को लेकर वे नियमित रूप से पूरे देश का प्रवास कर रहे हैं और इसी श्रृंखला में वे पंजाब आ रहे हैं। अपने प्रवास के पहले चरण में 25 फरवरी को वे पठानकोट में वे प्रातः 10.15 बजे से 12.00 तक पूर्व सैनिक अधिकारियों की गोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। सांय 4 से 5:30 बजे तक पठानकोट जिला युवा स्यंसेवक एकत्रिकरण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रवास के अगले दिन 26 फरवरी को लुधियाना में सांय 3.30 से 5 बजे तक होने वाली प्रम्मुख नागरिक गोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गौ-हत्या के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया पुतला दहन




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** भाजपा पदाधिकारी द्वारा की गई गौ-हत्या और राजस्थान सरकार की इस जघन्य कृत्य पर मौन भूमिका तथा निष्क्रियता के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिविल लाइन एवं बनीपार्क द्वारा संयुक्त रूप से ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाइंस रोहिताश्व सिंह चौहान के नेतृत्व किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि फ़र्ज़ी बहरूपिया विधायक अब क्यो माफ़ी माँग रहा हैं कल जो उसने सदन में किया उसे शर्म आनी चाहिए यदि सरकार ने दोषियों पर त्वरित कार्यवाही नहीं की, तो कांग्रेस कार्यकर्ता हर विधानसभा में गौरक्षा संकल्प यात्रा निकालेंगे और विधानसभा व राजभवन का घेराव करेंगे।''

पुतला दहन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रोहिताश्व सिंह चौहान ने कहा कि ''गौ माता सनातन संस्कृति की धुरी हैं। गौ-हत्यारों के पक्ष में जाने वाले विधायकों को तत्काल पार्टी और सदन से निष्कासित किया जाना चाहिए। दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए तथा अब तक मामले की लीपापोती करने वाले पुलिस अधिकारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। कार्यक्रम में बनीपार्क ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ,पार्षद दशरथ सिंह, हरमेन्द्र खोवाल,मंडल अध्यक्ष महेंद्र हाड़ा, रमेश जोधा ,भगवत सिंह, भीमराज प्रजापति संदीप शर्मा ,मनीष चतुर्वेदी ,शहर के पदाधिकारी मदन चौहान ,देवी लाल यादव, नरेंद्र मारवाल ,दौलत सैनी ,मुकेश गुर्जर ,बाबू सोयल ,सोनू बागवान ,राजकुमार धानका वार्ड अध्यक्ष भागचंद जैन ,कमला शंकर शर्मा दीपक सक्सेना ,सुरेश सैनी ,जावेद खान सिकंदर खान ,इकबाल ,धर्मेन्द्र शर्मा राहुल सेठी ,हितेन्द्र सिंह चौहान ,विष्णु राय,सतीश ,अकरम ,कुरैशी नवरत्न सिंह माही गुर्जर सहित सेकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल जनगणना के नवाचारों के प्रति आमजन को करें प्रेरितः जिला कलक्टर




**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य के लिए नियमित सहायकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। 16 से 18 फरवरी तक जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण का समापन प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुआ। समापन सत्र में जिला कलक्टर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीनतम जनगणना के आंकड़ों का उपयोग राष्ट्रीय नीति निर्माण एवं आधारभूत संरचना विकास में किया जाएगा। इसलिए जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल जनगणना के अंतर्गत किए गए नवाचारों, विशेषकर स्व-गणना प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही चार्ज स्तर पर कार्यरत कार्मिकों को समयबद्ध योजना बनाकर सभी कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। जनगणना निदेशालय के मास्टर ट्रेनर रजत कुमार अग्रजी एवं बृजेश कुमार शर्मा ने प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को जनगणना के लिए विकसित पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन पर व्यावहारिक अभ्यास कराया। कार्यक्रम में सांख्यिकी अधिकारी राजेश कुमार, राघव पाठक, अभिषेक चौधरी, हमेन्द्र सिंह, मोहम्मद आसिफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेड़ता सिटी में मूंग खरीद पर बवाल



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता सिटी – न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर मूंग की खरीद में हो रही देरी और गुणवत्ता के नाम पर हो रहे ''रिजेक्शन'' के विरोध में किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। फ्अखत्र्ञ्रूऊ (राजफेड) के खरीद केंद्रों पर किसान लगातार धरना दे रहे हैं। उनका आरोप है कि तुलाई के लिए स्लॉट कम दिए जा रहे हैं और वेयरहाउस में माल उतारने की प्रक्रिया अत्यधिक जटिल है, जिसके कारण कई किसान पिछले 8झ्र10 दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में अपनी उपज लेकर इंतजार कर रहे हैं।

**● मूंग खरीद में गतिरोध, 'रिजेक्शन' पर सवाल**

किसानों का कहना है कि गुणवत्ता जांच के नाम पर फसल को खारिज किया जा रहा है, जबकि उपज मानकों के अनुरूप है। देरी के कारण मंडी परिसर में लंबी कतारें लग रही हैं। बढ़ती धूप और बदलते मौसम के बीच खुले में खड़ी उपज खराब होने का खतरा भी किसानों को सता रहा है। किसान संगठनों ने मांग की है किः तुलाई के लिए प्रतिदिन आवंटित स्लॉट की संख्या बढ़ाई जाए, गुणवत्ता जांच प्रक्रिया पारदर्शी और मानकीकृत की जाए, वेयरहाउस में माल उतारने की व्यवस्था सरल व तेज की जाए।

**● प्रशासन से वार्ता की कोशिशें**

स्थानीय प्रशासन का कहना है कि खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और स्लॉट प्रबंधन में सुधार पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, किसानों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर अभी तक ठोस बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है।

इधर, केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच विभिन्न मांगों को लेकर 18 फरवरी को चौथे दौर की बातचीत प्रस्तावित है। इस वार्ता का असर मेड़ता सहित पूरे उत्तर भारत की मंडियों पर पड़ रहा है। किसान संगठनों का मानना है कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक समाधान निकलता है, तो स्थानीय स्तर पर भी खरीद प्रक्रिया में सुधार की राह खुलेगी।

भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट सियाराम शर्मा ने जल मंदिर भेंट कर जीता क्षेत्रवासियों का दिल।

# कुण्डल तहसील मुख्यालय पर महात्मा गांधी विद्यालय में जनसेवा की एक बार फिर मिसाल बने

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** कुण्डल तहसील मुख्यालय के महात्मा गांधी स्कूल कुण्डल में जनसेवा और सामाजिक सरोकार की एक और प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए भाजपा के जिला मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सियाराम शर्मा (एडवोकेट) ने जल मंदिर (वॉटर कूलर व आरओ प्यूरिफायर) की सौगात देकर आमजन का दिल जीत लिया। भीषण गर्मी को देखते हुए यह जल मंदिर अब विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराएगा।



समारोह की मुख्य अतिथि भाजपा दौसा की जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रेला रही व अध्यक्षता महात्मा गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामराय कुम्हार ने की ! विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री विपिन जैन उपस्थित रहे!सम्माननीय अथितियों मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुलाब बैरवा,मिश्री देवी मीना,किशोरी लाल बैरवा व प्रबुद्ध ग्रामवासी मौजूद रहे!

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी रेला ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य सरकार से मिलकर समाज की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।''पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा हर नागरिक का अधिकार है। यदि हमारे छोटे से प्रयास से भी लोगों को राहत मिलती है,तो यही हमारे जीवन का उद्देश्य है भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा जिला मंत्री सियाराम एडवोकेट हमारी टीम के एक मजबूत सिपाही है जो हमेशा केवल अपने क्षेत्र मे ही नहीं अपितु सम्पूर्ण दौसा जिले मे प्रत्येक सामाजिक व धार्मिक एंव राजनैतिक कार्यों मे सहयोग के लिए अग्रणी रहते हैं और हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सुविधाओं के क्षेत्र में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है।

**● विकास के प्रति प्रतिबद्धता**

लक्ष्मी रेला ने अपने संबोधन में कहा कि सियाराम शर्मा जैसे जनसेवक ही राजनीति को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने न केवल जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है, बल्कि युवाओं और जरूरतमंदों के लिए भी निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

# संगीतमयी संध्या का भव्य आयोजन

## यारी है ईमान मेरा यार मेरी जिंदगी
## यह रंगारंग संध्या सुरों और संगीत से सराबोर रही।

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** आदर्श म्यूजिक एकेडमी के तत्वधान में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 15 गायक-गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें से लगभग पांच महिला गायिकाओं तथा 10 पुरुष गायकों ने सुरों की ऐसी बहार बिखेरी कि पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। सभी कलाकारों की गायकी ने उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में अतिथि अधिवक्ता, फिल्म अभिनेता गोपेश शर्मा, गायिका तपस्या गोस्वामी उपस्थित थी

जागृति आर्ट सोसाइटी के डायरेक्टर अविनाश शर्माऔर सुरभि गुप्ता ने बताया कि इस म्यूजिक इवेंट का उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उनका कहना था कि इस मंच पर सभी गायक पूरी आत्मीयता और आनंद के साथ गाते हैं तथा श्रोता भी उतनी ही तल्लीनता से उनका रसपान करते हैं। यह संगीतमयी शाम उपस्थित सभी संगीतप्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव रही।

फिल्म प्रोड्यूसर मिताली सोनी,थॉट्स ऑफ़ इंडिया समूह के डायरेक्टर आशीष शर्मा, कोरियोग्राफर पीयूष जैन , राकेश शुक्ला ने यारी है ईमान मेरी यार जिंदगी, मोनिका पटेल ने बेक- रार है दिल ,आकांक्षा अगवाल ने बाबूजी धीरे चलना, प्रियांशी गुप्ता ने हमें और जीने की चाहत ना होती, ज्योत्सना माथुर ने देखा कि ख्वाब में सिलसिले हुए, राधिका मूलचंदानी,सहित कार्यक्रम में शहर की कई जाने-माने हस्तियां ने कार्यक्रम में शिरकत की और आने वाली टेली फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी

कार्यक्रम में*प्रदेश के सुप्रसिद्ध उद्घोषक अरुण किम्मतकर ने इस कार्यक्रम में अपनी शानदार शेरो-शायरी और अनोखे अंदाज़ से उपस्थित स्वरूप दर्शकों का मन मोह लिया और सभी को मंत्रमुग्ध करने में सफल रहे।



## चाईबासा में डायन के आरोप में मां-बेटे को पेट्रोल छिड़ककर जला डाला

चाईबासा/एजेंसी।



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात कथित तौर पर डायन होने के संदेह में एक महिला और उसके मासूम बच्चे को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया। इस दर्दनाक घटना में मां और बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला का पति गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। वारदात की जानकारी बुधवार को पुलिस को तब हुई जब 12 आरोपियों ने खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गांव के करीब 12 लोगों ने मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से गांव में बीमारी और अन्य घटनाओं को लेकर अफवाहें फैली हुई थीं। इसके लिए महिला और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था।

मंगलवार देर रात ग्रामीणों के एक समूह ने महिला और उसके परिवार को निशाना बनाया। देर रात आरोपितों ने घर में घुसकर पेट्रोल छिड़का और आग लगा दी। आग की लपटों में घिरकर महिला और उसका बच्चा बाहर नहीं निकल सके। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। गांव में दहशत का माहौल है और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। बुधवार सुबह सभी आरोपित स्वयं कुमारडुंगी थाना पहुंचे और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने सभी 12 आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।


## पाकिस्तान को लगेगा एक और झटका

# सिंधु के बाद अब रावी का भी पानी रोकेगा भारत

नई दिल्ली/एजेंसी

सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद भारत अब पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका देने की तैयारी में है। केंद्र सरकार रावी नदी के भारत के हिस्से के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यदि यह योजना लागू होती है तो गर्मियों के दौरान पाकिस्तान में जल संकट और गहरा सकता है।

पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर बन रही शाहपुर कंडी बांध परियोजना अब लगभग पूरी होने के करीब है। बताया जा रहा है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद रावी नदी के अतिरिक्त पानी को पाकिस्तान की ओर बहने से रोका जा सकेगा।



जम्मू-कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राना ने कहा कि बांध के पूरा होते ही रावी के अतिरिक्त जल को कठुआ और सांबा जैसे सूखाग्रस्त जिलों की ओर मोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना कंडी क्षेत्र के लिए प्राथमिकता पर बनाई जा रही है और इसका उद्देश्य स्थानीय जरूरतों को पूरा करना है। उनके अनुसार, 31 मार्च तक परियोजना का कार्य पूरा हो सकता है।

वर्तमान में रावी नदी के भारत के हिस्से का कुछ अतिरिक्त पानी भी बहकर पाकिस्तान चला जाता है। शाहपुर कंडी बांध के माध्यम से इस जल को रोककर पंजाब और जम्मू-कश्मीर के सूखा प्रभावित इलाकों में सिंचाई के लिए उपयोग किया जाएगा।

इस परियोजना की परिकल्पना वर्ष 1979 में की गई थी। वर्ष 1982 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसकी आधारशिला रखी थी। हालांकि पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच विवाद के कारण निर्माण कार्य लंबे समय तक रुका रहा। वर्ष 2008 में इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया।

करीब 3394 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस बांध में पंजाब सरकार ने लगभग 2694 करोड़ रुपये और केंद्र सरकार ने 700 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बांध की ऊंचाई लगभग 55 मीटर और लंबाई 7.7 किलोमीटर है। इसके जरिए पंजाब में करीब 5000 हेक्टेयर भूमि तथा जम्मू क्षेत्र के कठुआ और सांबा जिलों में 32 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई संभव होगी।

पूर्व सिंचाई मंत्री ताज मोहिदीन का कहना है कि सिंधु जल संधि बांध के संचालन को नियंत्रित नहीं करती, क्योंकि रावी नदी के जल पर भारत का अधिकार है।

## ईडी ने डिजिटल अरेस्ट केस में 1.76 करोड़ रुपये अटैच किए

**जालंधर/एजेंसी।** जालंधर जोनल ऑफिस, डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट (ईडी) ने 14 फरवरी 2026 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया। इस ऑर्डर के तहत एस. पी. ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1.76 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस अटैच किया गया है। अटैच की गई राशि एक म्यूल एंटिटी मेसर्स मृत्युंजय मल्टीट्रेड के बैंक अकाउंट में पड़ी थी, जिसका इस्तेमाल विभिन्न साइबर क्राइम और डिजिटल अरेस्ट मामलों से प्राप्त अवैध धन को प्राप्त करने और ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। ईडी ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, लुधियाना द्वारा बीएनएसएस, 2023 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

## स्वदेशी और सॉवरेन AI इकोसिस्टम पर जोर

# इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में जियो ने रखा 'नेशन-फर्स्ट अकस्टैक' का खाकां

## ग्रीन डेटा सेंटर से भारतीय भाषाओं तक, पूरी अकवैल्यू चेन पर फोकस

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली। इंडिया अक इम्पैक्ट समिट में जियो ने अपने 'नेशन-फर्स्ट अकस्टैक' की रूपरेखा पेश की। कंपनी तकनीकी रूप से इसे 'जियो अकस्टैक' नाम देती है और दावा करती है कि इसे भारत की जरूरतों और बड़े पैमाने की मांग को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। जियो इंटेलिजेंस के तहत विकसित किया जा रहा यह स्टैक केवल डेटा सेंटर तक सीमित नहीं है, बल्कि एक फुल-स्टैक अक इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया जा रहा है।

'जियो अकस्टैक' में गीगावॉट स्तर के ग्रीन डेटा सेंटर, उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग व्यवस्था, प्लेटफॉर्म और फ्रेमवर्क, भारतीय भाषाओं पर आधारित डेटा फाउंडेशन, बहुभाषी इंटेलिजेंस लेयर और विभिन्न क्षेत्रों के लिए एप्लिकेशन शामिल हैं। देश में मल्टी-गीगावॉट अक डेटा सेंटर विकसित किए जा रहे हैं, जो 100% ग्रीन एनर्जी से संचालित होंगे, ताकि राष्ट्रीय स्तर की टिकाऊ अकक्षमता तैयार की जा सके।

'जियो अक स्टैक' को एक 'सॉवरेन' अक इकोसिस्टम के रूप में प्रस्तुत किया गया है, यानी ऐसा ढांचा जो देश में विकसित हो और राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित हो। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, छोटे व्यवसायों और रोजमर्रा की सेवाओं में अक आधारित समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

कंपनी के मुताबिक जियो अक स्टैक का फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को हर भारतीय, साथ ही एंटरप्राइज और सरकारी संगठनों के लिए सुलभ और किफायती बनाना है। इसके तहत भारतीय भाषाओं को समझने और स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने वाली अकक्षमताओं पर विशेष जोर दिया गया है।

स्थानीय संदर्भ में विकसित इंटेलिजेंस के लिए व्यापक भारतीय भाषाओं के डेटा सेट तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षित, बहुभाषी वॉयस अकऔर एजेंटिक प्लेटफॉर्म पर काम किया जा रहा है, जिससे उपयोगकर्ता अपनी भाषा में सहज अकइंटरैक्शन कर सकें।

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अककी दौड़ अब केवल तकनीकी क्षमता तक सीमित नहीं है, बल्कि डेटा संप्रभुता, ऊर्जा दक्षता, भाषाई विविधता और बड़े पैमाने पर पहुंच जैसे पहलुओं से भी जुड़ गई है। ऐसे में जियो अकस्टैक जैसे मॉडल देश के दीर्घकालिक डिजिटल और आर्थिक विकास में किस हद तक योगदान देते हैं, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कैंप आयोजित, स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपाड़ शहर में दिनांक 18 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तृतीय एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य जगदीश सारण के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम प्रभारी विकास तिवाड़ी ने स्वयंसेविकाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सामूहिक श्रमदान करते हुए साफ-सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी स्वयंसेविकाएं एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। यह कैंप छात्राओं में सामाजिक दायित्व, अनुशासन एवं सेवा भावना विकसित करने की दिशा में प्रेरणादायक रहा।

### एक श्याम रेल रुणिचा के नाम विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन 19 व 20 फरवरी को होगा



**चमकता राजस्थान/रानी।** नगर के प्रताप बाजार स्थित रेलवे परिसर में एक शाम बाबा रामदेव के नाम विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन दो दिवसीय किया जाएगा। श्री बाबा रामदेव रेल रुणिचा समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 फरवरी को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा एवं 20 फरवरी को प्रातः ध्वजा चढ़ाई जाएगी उसके बाद महाप्रसादी वितरण होगी। लाभार्थी श्रीमती मोहिनीदेवी शंकरलाल अग्रवाल ,चंदूलाल जैन द्वारा चढ़ाई जाएगी। महा परसादी के लाभार्थी स्व.महिंद्रादेवी-महेशचंद्रजी शर्मा एवं स्व.दारमीबाई- गोपालदासजी वैष्णव की तरफ से रखी गई है। भजन संध्या में राजस्थान के सुपरहिट भजन सम्राट गायक कलाकार नरेश राव एंड पार्टी द्वारा अपनी मधुर वाणी के साथ में भजनों की प्रस्तुति जाएगी साथ ही राजस्थान के जाने-माने भजन गायिका आस्था खारवाल द्वारा अपनी मधुर स्वर वाणी के साथ में भजन पेश किए जाएंगे समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी भरत कुमार जैन जोजावर, विशेष अतिथि के रूप में उत्तर पश्चिम रेलवे के स्टेशन अधीक्षक विजय सिंह शेखावत रानी होंगे भजन संध्या के मंच संचालक विक्रम आदीवाल घाणेराव द्वारा किया जाएगा । यह जानकारी आयोजक श्री बाबा रामदेव रेल रुणिचा समिति द्वारा दी जा रही है।

### खौड़ में विकास कार्यों का लोकार्पण, सांसद मदन राठौड़ ने सुनी जनसमस्याएं

- खौड़ गांव से मुझे बहुत प्यार मिला: सांसद राठौड़
- ढारिया बांध से वंचित किसानों को जल्द मिलेगा पानी




**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां।** खौड़ पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह में मदन राठौड़ पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खौड़ गांव से उन्हें हमेशा प्यार और आशीर्वाद मिला है। उन्होंने ग्रामीणों से आ''ान किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों के प्रस्ताव लाएं, धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। करीब 22 मिनट तक मंच से संबोधन करते हुए राठौड़ ने ग्रामीणों के साथ पुरानी यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि केंद्र में डबल इंजन की सरकार है और यहां तो ''इंजन ही इंजन'' हैं, ऐसे में विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने ढारिया बांध से पानी उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस पर राठौड़ ने आश्वासन दिया कि ढारिया बांध की चीफ इंजीनियर से जल्द सर्वे करवाया जाएगा।

### शीतला सप्तमी मेले का स्थानीय अवकाश अब 10 मार्च को रहेगा

**चमकता राजस्थान/जालोर।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में जालोर जिले में कलेण्डर वर्ष 2026 (ग्रेगोरियन) ई. एवं शक संवत 1947-1948 के दौरान जिले में 11 मार्च, 2026 (बुधवार) को शीतला सप्तमी मेला एवं 14 सितम्बर, 2026 (सोमवार) को गणेश चतुर्थी के दिवसों को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। संशोधित आदेशानुसार अब शीतला सप्तमी मेले का स्थानीय अवकाश 11 मार्च (बुधवार) के स्थान पर 10 मार्च (मंगलवार) को रहेगा।

# चांद नजर आया: शुरू हुआ बरकतों और इबादतों का पवित्र महीना रमजान

चमकता राजस्थान



मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी। शहर में बुधवार को जैसे ही रमजान का चांद नजर आने की घोषणा हुई, मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई। मस्जिदों से ऐलान होते ही लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और पूरे इलाके में रौनक बढ़ गई। पवित्र महीना रमजान शुरू होते ही इबादत, रोज़ा और नेकियों का सिलसिला आरंभ हो गया है।रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना होता है, जिसे रहमत, मग़फिरत और निजात का महीना कहा जाता है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। सुबह सहरी के साथ रोज़ा शुरू होता है और शाम को अज़ान के बाद इफ्तार के साथ खोला जाता है। मस्जिदों में पांच वक्त की नमाज़ के साथ-साथ विशेष तरावीह की नमाज़ का भी आयोजन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।मुस्लिम मोहल्लों में देर रात तक चहल-पहल देखने को मिल रही है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है, खजूर, फल, सेवइयां और अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी तेज हो गई है। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी इस महीने की खास तैयारियों में जुटे नजर आ रहे हैं। घरों और मस्जिदों को रोशनी से सजाया जा रहा है, जिससे माहौल पूरी तरह इबादत और उत्साह से भर गया है।धार्मिक विद्वानों के अनुसार, रमजान का महीना आत्मशुद्धि, संयम और भाईचारे का संदेश देता है। इस महीने में जरूरतमंदों की मदद करना, जकात और फितरा अदा करना विशेष महत्व रखता है। माना जाता है कि इस पवित्र महीने में की गई इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है।

चांद के दीदार के साथ ही एक बार फिर से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है। आने वाले दिनों में मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी रहेगा और पूरा समुदाय अल्लाह की रहमतें हासिल करने में जुटा रहेगा।

**● इंसानियत का पैगाम**

माहे रमजान की आमद पर मेड़ता सिटी के क़ाज़ी ए शहर मोहम्मद अकरम उस्मानी ने कहा कि रमजान इंसानियत, सब और परहेजगारी का महीना है, जो समाज में इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना नेकी की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

**● रोजे की फजीलत**

उन्होंने कहा कि माहे रमजान में रोजा इस्लाम के अहम अरकान में से एक है। रोजा सिर्फ भूख-प्यास से रुकना नहीं, बल्कि अपनी जुबान, निगाह और दिल को भी गुनाहों से बचाने का नाम है। रोजा इंसान को सब, आत्मसंयम और हमदर्दी की तालीम देता है। भूख-प्यास का एहसास गरीबों के दर्द को समझने में मदद करता है, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। रमजान की रातों में अदा की जाने बाली तरावीह की नमाज खास अहमियत रखती है। मस्जिदों में पाक कुरआन की तिलावत के साथ तरावीह अदा की जाती है, जिससे ईमान में मजबूती और दिलों को सुकून मिलता है।

**● मस्जिदों में व्यवस्थाएं**

रमजान के मद्देनजर शहर की मस्जिदों में साफ-सफाई, रोशनी, बुजू के पानी, पंखों और नमाजियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजामात किए जा रहे हैं। शहर क़ाज़ी ने समुदाय के लोगों से अपील की है कि वे इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, जरूरतमंदों की मदद करें, जकात व सदका अदा करें और शहर में अमन-ओ-अमान कायम रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

## हिंडौन सिटी में समाजसेवी अशोक पाठक ने जरूरतमंदों को बांटे 51 गर्म कंबल

चमकता राजस्थान



(साबिर मोहम्मद) हिंडौन सिटी/में सर्दियों की कड़क ठंड में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रमुख समाजसेवी अशोक पाठक ने जाटव बस्ती में एक सराहनीय कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 51 जरूरतमंद एवं विधवा महिलाओं को गर्म ऊनी कंबल वितरित किए गए, जिससे स्थानीय स्तर पर काफी प्रशंसा हुई।कार्यक्रम का आयोजन जाटव बस्ती स्थित राजकीय विद्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर से विशेष रूप से हिंडौन पहुंचे अशोक पाठक ने खुद महिलाओं को कंबल भेंट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल पटेल ने की, जबकि पूर्व व्याख्याता पूरणमल जाटव विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।इस अवसर पर मेघराम जाटव, सतीश जाटव, अनिल जाटव, निलेश जाटव सहित जाटव समाज के कई प्रमुख कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जाटव समाज की ओर से अशोक पाठक का जोरदार सम्मान किया गया, जिसमें उन्हें पुष्प-माल्य और स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।अपने संबोधन में अशोक पाठक ने कहा, ?हम सभी को एक साथ मिलकर रहने की जरूरत है। ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकजुटता की भावना को मजबूत करते हैं और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम साबित होते हैं। ठंड के इस मौसम में गरीब परिवारों को थोड़ी-सी मदद से भी बड़ा सहारा मिलता है।?कंबल प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं ने अशोक पाठक का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मानवीय कार्यों को निरंतर जारी रखना चाहिए, क्योंकि इससे समाज के कमजोर वर्ग को वास्तविक राहत मिलती है।यह पहल अशोक पाठक की सामाजिक सक्रियता का एक और उदाहरण है, जो हिंडौन शहर में विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं।

गरीब लोगों ने कहा की। अशोक पाठक सामाजिक कार्यकर्ता करौली जिले में गरीब यतीम विधवा महिला एवं बच्चों की, हरसंभव मदद करते हैं एवं दुख सुख में साथ रहते हैं हमें ऐसे ही कार्यकर्ता की आवश्यकता है जो हमारे बीच दुख सुख बांट सके हमारा हाल-चाल पूछ सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजित

चमकता राजस्थान




**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बुधवार को विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से 14 मार्च, 2026 को किया जा रहा है, जिसमें सभी बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के ऋण संबंधी मामलों का निपटारा किया जाएगा।

सचिव समीक्षा गौतम ने बैंक व वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित समय सीमा में अपनी-अपनी बैंक शाखाओं के प्री-लिटीगेशन प्रकरणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर एवं लंबित प्रकरणों की सूची जिला एवं सेवा प्राधिकरण और संबंधित न्यायालयों में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे जारी नोटिसों की तामील समय पर की जा सके। साथ ही, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे अधिकाधिक पक्षकार अपने प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाकर उनका निस्तारण करवा सकें।

बैठक में एलडीएम ऑफिस से एच.के. मीना, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से सुरज्ञान सिंह, सीताराम मीना, रवि कुमार सिंह, ललित कुमार मीना, बैंक ऑफ बड़ौदा से रजनीश कुमार, हरिशंकर मीना, राजस्थान ग्रामीण बैंक से मनोज खुराना, लोकेश मेरोठिया, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से विपिन पंचोली, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया से विनोद कुमार मीना, यूको बैंक से दूली सिंह उपस्थित रहें।

## फाग उत्सव हुआ बहुत धूमधाम से मनाया गया



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** वी एस एस ग्रुप और स्लिम लाइन फिटनेस सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आज 17 सेक्टर स्थित स्लिम लाइन सेंटर में बहुत शानदार एक हर्षोल्लास के साथ फाग उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुआ सभी लोग एक जैसे कलर पहन के आए थे रेट थीम में और सभी ने जोरदार गेम्स खेल डांस हुए और फाग उत्सव की थीम पर बहुत शानदार कार्यक्रम किए गए कार्यक्रम की संचालिका फाग उत्सव की वीणा सखरानी ने बताया की फाग उत्सव महिलाओं में जहां-जहां सब लोग आज घर ग्रस्त में फंसे हुए उसे तरह से अपने लिए समय नहीं निकाल पाती है आज उन्होंने जी भर के डांस किया हाऊजी गेम्स के लिए तरह-तरह के प्राइज जीते तरह-तरह के व्यंजन बनाकर लाए और बहुत तरह के नाश्ते डिशेज चाय नाश्ता खाना-पीना सब कुछ रंगा रंग कार्यक्रम में वीणा सखरानी ने प्रतियोगिता रखी मिसेज फाग में जिसमें की मोना हरवानी आशा सिंह विनर रही दीपा सिंह किरण रिया लालवानी रजनी सिंह सिद्धि उर्मिला प्रमिला सिद्धि किरण दीप सिंह रिया लालवानी रजनी सिंह सिद्धि उर्मिला खन्ना प्रमिला मोतियानी रश्मि भावना वंदना कृपलानी और सभी लोगों ने बहुत सारे जो पर के 300 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया और तरह-तरह के पुरस्कार जीते कार्यक्रम में लायंस क्लब की अध्यक्ष उषा गर्ग का सम्मान किया गया जोधपुर के रॉकस्टार अमित पेड़ीवाल ने रंगारंग कार्यक्रम से इतना रंग जमा दिया कि डांस करने पर मजबूर थे कार्यक्रम समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा था इतने में जोधपुर लेडी रॉकस्टार योगिता भाटी द्वारा भी बहुत है होलिया पर गाने गाए गए और लोगों ने बहुत लुक्स लिया अमित पेड़ीवाल और योगिता जी का भी सम्मान किया गया सपा पहन के और सभी को पुरस्कार दिए गए मीडिया में सभी का सहयोग किया गया और वीणा सखरानी जी द्वारा एसोसिएशन ऑफ अलायंस क्लब इंटरनेशनल को 11 सौ जरूरतमंदों के लिए दिए गए।

### बालोतरा और पुणे पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में MD ड्रग्स पकड़ी

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** 1391 ग्राम अवैध टऊड्रग्स के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, जब्त टऊड्रग्स की कीमत करीब पौने तीन करोड़ रुपए आंकी गई, टऊतस्कर रतनलाल जाट निवासी पिराणी साईयों की ढाणी को किया गिरफ्तार, पुणे की पुलिस आरोपी को लेकर गई अपने साथ, बालोतरा थाने में दर्ज किया ठउ्रुरु एक्ट में मामला, SP रमेश ने मामले का किया खुलासा

### एलाना में दो मौत प्रकरणों का पर्दाफाश, बिशनगढ़ थाना क्षेत्र के एलाना में दो मौत

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** प्रकरणों का पर्दाफाश, आरोपी मांगीलाल चौधरी गिरफ्तार, पहले खेत में करंट से जान गवाने वाले बुटाराम भील के शव को भाई तेजाराम के साथ मिलकर किया खुर्दबुर्द, फिर पुलिस के नार्को टेस्ट के प्रार्थना पत्र को देख भाई के सच बोलने की आशंका पर भाई तेजाराम की कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या और आरोप बुटाराम भील के परिवार पर जड़ा, मांगीलाल पूर्व में सगे साले की हत्या के आरोप में जेल में रह चुका।

# विश्व प्रसिद्ध बादशाह मेला इस बार और अधिक भव्य व आकर्षक होगा : जिला कलेक्टर कमल राम मीना

चमकता राजस्थान




**ब्यावर।** जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में होली एवं बादशाह मेले की आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध बादशाह मेले को इस बार और अधिक ख्याति एवं आकर्षक रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे तथा बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।बैठक में मेला संयोजक बादशाह मेला समिति द्वारा अवगत कराया गया कि 4 मार्च को बादशाह मेले का आयोजन किया जाएगा। सभी विभागों से आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार संपन्न कराने का आ''ान किया गया।

बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, सफाई, परिवहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय कानून एवं शांति व्यवस्था- मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया जाएगा तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था तथा महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

शराब पीकर अशांति फैलाने वालों तथा अनुचित तरीके से गुलाल फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात नियंत्रण हेतु अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929